7 से 21 सितम्बर, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

टेक्सटाइल वर्ल्ड presents
Uni World 3.0
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO
08-09 JAN 2024
Bengaluru
For Booking Enquiry
+91 8003596092
+91 8005660394

S.Kumars®
The Fabric of India
Since 1948

Celebrating 75 Years
Of Being Uniformly Successful

## Leading with Textile Innovation, a new Future Unfolds

75 years of S. Kumars: A remarkable odyssey of weaving brilliance, crafting excellence, and a relentless pursuit of meeting customer expectations. From threads to trends, we've stitched a rich tapestry of innovation and elegance in India's textile realm. As we honour our legacy, we anticipate an even more extraordinary future. Celebrating 75 years of craftsmanship. Embracing a tomorrow of limitless possibilities.



# FROM FABRIC TO FUTURE... WEAVING TEXTILES, ACHIEVING MILESTONES

Over the decades, S.Kumars has successfully established itself as a leading name in the Indian textile manufacturing segment. Today, the brand is synonymous with changing tastes and fashions of the Indian consumers across all strata of society.

The S.Kumars brand offers a wide range of textiles, uniform fabrics, ready to wear suiting and shirtings, towels and more.

We have been the undisputed leader in the uniform fabrics market. As we hit our 75-year milestone, this leadership serves as a testimony to the Indian fabric and fashion needs, durability, colour, choices and consistency of quality being delivered with every yard of fabric.

## JANMASHTAMI 1948

Shambhukumar ji Kasliwal created S.Kumars

**1948**
- Purchased & Sold Fabrics in the **Mulji Jetha Market**

**1950s**
- Secured various **Agencies of Mills** across the country
- Promoted & Popularised **Synthetic Cloth**

**1960s**
- Pioneered all types of **Blends & Finishes: Polyester Cotton (PC), Polyester Viscose (PV), Gabardine, Matte**
- Emergence of the **S.Kumars Uniforms Business**
- Established Nation-wide network of **Wholesalers** all over India

**1970s**
- Launched Terene saris: **S.Kumar ki Sariyan**
- Sponsored Chat Show on Radio **Aap aur Hum**
- Sponsored Radio Show **Mukkadama** with Dicky Rutnagar interviewing Star Cricketers
- Sponsored Radio Show with Ameen Sayani interviewing Film Personalities: **S.Kumar ka Filmi Mukkadama**
- Took Dilkhush Dyeing & turned it into **SKM Fabrics** Processing House, Andheri, Bombay
- Expanded the Nation-wide network of **Semi-Wholesalers** all over India
- Began **Fashion Shows** at **Dealer Conferences**
- Introduced **Polyacron** a unique blend of Polyester, Acrylic & Viscose
- Formulated **Incentive Schemes** for **Dealers & Retailers all over India**


**1980s**
- Sponsored **Chitrahaar** on Doordarshan
- **Kapil Dev** was Brand Ambassador
- Expanded production capacities in weaving and towelling units

**1990s**
- Took over various spinning and weaving units across the country

**2000s**
- Roped in many cricketers to endorse S.Kumars: **Kapil Dev, Sourav Ganguly, Nitin Mongia, Steve Waugh, Sachin Tendulkar**
- Started a line of Fancy Suitings & Shirtings

**2010s**
- S.Kumars maintained **Market Leadership** in Uniforms

**2020s**
- Looking forward to **Growth & Innovation**




As we look ahead to the next 75 years, we look forward to raising even higher the flag of "Make in India." Proud to be part of India's growth and innovation journey!

S.Kumars®
The Fabric of India
Since 1948


CORPORATE OFFICE: Niranjan, 99 Marine Drive, Mumbai – 400 002
+91 22 6787 4242 | +91 93436 12675 | info@skumars.co | www.skumars.co

FOLLOW US ON
SKumarsOfficial | SKumarsOfficial | SKumars_Official | SKumarsOfficial | SKumars_Official




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-09-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 अंक-06 भीलवाड़ा/ 07 सितम्बर, 2023 कुल पृष्ठ- 24 मूल्य : 25 रुपए 1













India Industrial Fair 2023
8th Edition
INDIA INDUSTRIAL FAIR - 2023
"उद्योग दर्शन"
FRI 15 SAT 16 SUN 17 September 2023
VENUE:- Sumatex II, Near Murarka Textile,
Pur Road, Bhilwara Rajasthan, INDIA




## रक्षाबंधन की हलचल से उम्मीदें बढ़ी

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय...** तैयार कपड़ों की मांग में कोई बड़ा सुधार नहीं है, लेकिन रक्षाबंधन त्यौंहार के साथ इस खंड में शुरू हुई हलचल राहत दे रही है। फैशनेबल वस्त्रों की मांग घटी है। मॉल एवं फैशन रिटेलरों की ग्राहकी में इस बार उल्लेखनीय गिरावट आई है तो वहीं दूसरी ओर हल्के मूल्य के गारमेंट की मांग भी कमजोर रही है। इस कारण रिटेलरों को माल निकालने के लिए डिस्काउंट लंबे समय तक देना पड़ा है। मुंबई की गारमेंट इकाइयों में अभी भी उत्पादन आधी क्षमता से हो रहा है। गारमेंट ब्रांडों में एण्ड ऑफ द सीजन सेल जुलाई से 15 अगस्त तक चली, इस बार यह सेल जल्दी शुरू हुई और 40 से 60 प्रतिशत तक भारी डिस्काउंट देने पर स्टॉक शेष है। इस बार महंगाई बढ़ने के कारण जहां स्थानीय स्तर पर ग्राहकों की खरीदी कमजोर रही तो निर्यात में कामकाज बहुत ही मंदा और निराशाजनक रहा है। 150 अरब डॉलर का टेक्सटाइल एवं एपेरल उद्योग बड़े पैमाने पर रोजगार देने वाला क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप और यूएसए में स्लोडाउन होने तथा मुद्रास्फीति का दबाव होने से इन क्षेत्रों की निर्यात मांग घटी है। 31 मार्च 2024 को पूरा होने वाले वित्तीय वर्ष के पहले चार

Since 1990 9004668794
KATARiA INSURANCE
SHOP . GODOWN . FACTORY


महीने अर्थात अप्रैल से जुलाई तक भारत से टेक्सटाइल एवं एपेरल का निर्यात 14 प्रतिशत घटकर 11.25 अरब डॉलर हो गया था। इसलिए नामचीन भारतीय एवं विदेशी ब्रांड कंपनियों को अपनी सेल की अवधि बढ़ानी पड़ी है। जेंट्स वियर में कैजुअल में धंधा हो रहा है, लेकिन बहुत अच्छा नहीं है, परंतु अब फॉर्मल वियर में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। वर्क फ्रॉम होम में थोड़ी कमी आने के बाद इस खंड में कारोबार पूर्व की तुलना में कुछ सुधरा है। जो अभी तक घर बैठकर काम किया करते थे, उनका ऑफिस जाना अब शुरू हो गया है। अब तक मंद रहे फॉर्मलवीयर में कारोबार सुधरने की आशा से गारमेंट को नया उछाल मिलने की संभावना बढ़ गई है। लेडीज एवं जेंट्स वियर में ट्रेंड एथनिक वियर का है। एथनिक वियर की मांग बढ़ी है। लेडीज वियर में वेस्टर्न वियर की ओर कामकाजी महिलाओं का रूझान अधिक है। गारमेंट में मुंबई मैन्युफैक्चरिंग सेंटर से कमर्शियल में बदल रहा है। परंतु अब त्योहारों की शुरूआत हो गई है। रिटेल व्यापारियों को इस त्योहारी सीजन में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद लग रही है। इसके साथ ही आगे चलकर एक के बाद एक त्यौंहार हैं, साथ ही नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू हो रहा है, इसे ध्यान में रखते हुए गारमेंट उत्पादक एवं रिटेलरों की तैयारी अच्छी बताई जा रही है।
























# लंबे अर्से बाद पाँच प्रोसेस हाउस की स्वीकृति मिलने से सूटिंग मेनचेस्टर में बढ़ेगा कपड़ा उत्पादन

**भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास**

देश की अग्रणी सूटिंग उत्पादन करने वाली मंडी भीलवाड़ा में 15 वर्ष बाद पांच प्रोसेस हाउस और स्थापित होने जा रहे हैं। उद्यमियों को लंबे समय से संबंधित विभाग द्वारा स्वीकृति नहीं मिल रही थी लेकिन हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड से एनओसी मिल चुकी है। स्थानीय वस्त्र मंडी में पांच प्रोसेस हाउस लगने से प्रतिदिन लगभग चार लाख मीटर फैब्रिक प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ जायेगी।

स्थानीय उद्यमियों ने बताया की इससे मंडी में लगभग 20 प्रतिशत कपड़ा उत्पादन में वृद्धि होगी। वर्तमान में लगभग 9 करोड़ मीटर कपड़ा प्रतिमाह उत्पादन हो रहा है क्योंकि पिछले कुछ सालों से हाई स्पीड लूम्स एवं यार्न मिलें भी बढ़ी लेकिन प्रोसेस हाउस में लोड बढ़ने से कपड़ा प्रोसेस समय पर नहीं हो रहा एवं बाहर भी प्रोसेस के लिए भेजा जा रहा है, इससे मंडी में इंडस्ट्री को काफी सहूलियत होगी। सूटिंग उत्पादन की बात करें तो देश का लगभग 60 फ़ीसदी कपड़ा यहां पर निर्मित हो रहा है। जिसमें बाहर से आने वाला जॉब भी शामिल है। आज कई शीर्ष ब्रांड्स का कपड़ा यहां पर बन रहा है। पांच प्रोसेसों में दो प्रोसेस हाउस कॉटन सेक्टर, एक डेनिम प्रोसेस के लिए, एक कॉटन एवं सिंथेटिक एवं एक सिंथेटिक फैब्रिक के लिए स्थापित किए गए हैं।

स्थानीय वस्त्र मंडी हालांकि सिंथेटिक फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी रही है लेकिन पिछले कुछ वर्षो से गारमेंट सेक्टर में फैब्रिक की डिमांड काफी बढ़ने से कॉटन फैब्रिक में भी उत्पादन होने लगा और अब इनके लिए कॉटन और डेनिम प्रोसेसिंग की सुविधा से कॉटन एवं डेनिम में उत्पादन बढ़ेगा। अधिकतर प्रोसेस गृहों में आरओ एवं एमईई प्लांट स्थापित होने से प्रदूषण कम हुआ। कई प्रोसेस हाउसों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए यह संयंत्र स्थापित किये गए जिससे 90 प्रतिशत के लगभग पानी को रिसाइकल करके उपयोग में लिया जा रहा है। जिससे विभाग द्वारा एनओसी दी गई और इन नए प्रोसेस गृहों को भी इसी शर्त पर स्वीकृति प्रदान की और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

## केंद्रीय भू-जल बोर्ड की एनओसी का क्या हुआ?

अब तक केंद्रीय भू-जल बोर्ड खुद के उपयोग के लिए ट्यूबवैल लगाने की एनओसी भी बहुत मुश्किल से दे रहा था। चंबल का पानी आने से भीलवाड़ा में पानी का दोहन थोड़ा कम हुआ है। इसलिए अब बोर्ड 50 करोड़ रुपए तक के निवेश वाले उद्योगों को कुछ शर्तों के साथ एक लाख लीटर पानी उपयोग की एनओसी दे रहा है। अब कई प्रोसेस हाउसों ने सीवरेज के पानी की भी नगर परिषद से डिमांड की है। इससे भी पानी का दोहन कम होगा।

| प्रोसेस यूनिट जिनको मिली स्वीकृति | उत्पाद | क्षमता |
|---|---|---|
| मैसर्स आर्म्स टेक्सटाइल | सिंथेटिक फैब्रिक | 60000 मीटर/ प्रति दिन |
| शुभ लक्ष्मी प्रोसेसर्स | कॉटन व सिंथेटिक फैब्रिक | 43055 मीटर/ प्रति दिन |
| समर्पण सिंथेटिक | कॉटन फैब्रिक | 97222 मीटर/ प्रति दिन |
| लक्ष्मी विशाल प्रोसेसर्स | कॉटन फैब्रिक | 83333 मीटर/ प्रति दिन |
| मैसर्स भीलवाड़ा स्पिनर्स | डेनिम फैब्रिक | 84900 मीटर/ प्रति दिन |



**बीएसएल लिमिटेड** श्री प्रवीण जैन डायरेक्टर (ऑपरेशंस) ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को बताया कि लंबे समय बाद स्थानीय मंडी में पांच प्रोसेस स्वीकृत हुए जो यहां के कपड़ा उद्योग के लिए काफी लाभप्रद होगा क्योंकि यहां पर और एक्सपान्शन रहे हैं उसके लिए यह आवश्यक भी है। पिछले कुछ वर्षों से प्रॉडक्शन बढ़ने से प्रोसेस हाउसों में प्रेशर बना हुआ है जिससे बाहर भी माल जा रहा है। अब यहीं पर सुविधा हो जाएगी। फलस्वरुप समय एवं धन की बचत भी होगी एवं टेक्सटाइल सेक्टर में बेहतर ग्रोथ मिलेगी।

**एके प्रोसेस** के टेक्निकल प्रेसीडेंट श्री अरुण सिंह ने बताया कि सीजन में प्रोसेस गृहों पर जो दबाव रहता है उसमें राहत मिलेगी क्योंकि यूनिफॉर्म एवं निर्यात ऑर्डर के समय प्रोसेस हाउस प्रेशर में रहते हैं एवं माल समय पर नहीं दे पाते हैं। वर्तमान में हालांकि स्किल वर्कर की कमी एवं स्टाफ की मारामारी चल रही है। उससे भी सामना करना पड़ेगा। ऑलओवर फिर भी भीलवाड़ा कपड़ा बाजार में ग्रोथ होगी। जिसमें कॉटन एवं डेनिम के लिए बेहतर सुविधा होगी।

**एसआरएस प्रोसेस** डिविजन के टेक्निकल चीफ श्री अशोक सिंह ने बताया कि मंडी में पांच प्रोसेस हाउस और आने से कपड़ा मंडी की ग्रोथ होगी और रोजगार के अवसर में वृद्धि होगी।




## रक्षाबंधन की ग्राहकी से बाजार में बढ़ी रौनक

**सतना / बलराम शुक्ला**

पिछले कुछ समय से लगातार मंदी का दौर चल रहा था। व्यापारी मायूस था। सबसे ज्यादा उन व्यापारियों की हालत चिंताजनक है, जिन्होंने महंगे किराये में दुकान ले रखी है। लेकिन इस सप्ताह कुछ व्यापार चल जाने से चेहरों पर रौनक लौट आयी है। इस समय व्यापार अच्छा है लेकिन आगे फिर मंदी रहने वाली है। अभी एक सप्ताह तो त्यौंहार ही त्यौंहार है। सबसे बड़ा चिंता का प्रमुख कारण बारिश का कम होना है क्योंकि धान की फसल खराब हो रही है। किसान परेशान है। प्रदेश के मुखिया ने लाडली बहना स्कीम के तहत प्रदेश की बहनों को 1000 रुपये दिये है। जिसके कारण बाजार में पैसा दिख रहा है लेकिन बाजार में रुपया नहीं है। ऑनलाइन ने बाजार को बर्बाद कर दिया है। मानसूनी सेल भी फ्लॉप है। सभी व्यापारी आर्थिक मंदी मे जूझ रहे हैं।







# फिलहाल कामकाज मध्यम


**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

पश्चिमी उत्तरप्रदेश की मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ सहित अधिकांश वस्त्र मण्डियों में फिलहाल कामकाज लगातार मध्यम बने हुए हैं। मार्केट्स में ग्राहक व पैसे की आवक कमजोर बनी हुई है, पैंट शर्ट, साड़ी, सूट, हैंडलूम, रेडीमेड गारमेण्ट, सेगमेंट कोई भी हो, ग्राहकी कमजोर अथवा मध्यम है। इस बार श्रावण मास के बीच में अधिक मास पड़ने से प्रमुख त्यौंहार व लग्न मुहूर्त पिछले वर्ष की अपेक्षा लगभग 20 दिन पीछे हो गए हैं।

अलबत्ता थोक व्यापारी ने दिसावर का रुख करना शुरू कर दिया है और कुछ ने प्रोग्राम बनाकर टिकट बुक करवा ली है। फिलहाल रिटेल व थोक दोनों ही व्यापारी कामकाज निकलने की प्रतीक्षा के साथ-साथ अपनी वैरायटी आने वाले सीजन के अनुकूल जुटाने का प्रोग्राम बनाने में लगे हैं।

मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्व श्री अजीत दीक्षित, विनोद डाबर, हितेश डाबर, संजीव गोयल, मनोहर लाल, अमित सिंघल, अशोक छाबड़ा, देवेन्द्र गर्ग व ब्रोकर घनश्याम पालीवाल, पवनबत्रा, के पी त्यागी, लक्ष्मण रस्तोगी, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, वैभव खन्ना के अनुसार अभी और 15-20 दिन काम-काज छिट-पुट ही रहने की संभावना है।





## श्री रमेश अरोड़ा 15 वीं बार सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष घोषित



सहारनपुर/ सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गया, जिसमें रमेश अरोड़ा को 15 वीं बार एसोसिएशन का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा महामंत्री द्वारका बजाज, कोषाध्यक्ष सुनील धमीजा, उपाध्यक्ष गुलशन भण्डारी एवं उपसचिव संयम सेठ निर्वाचित हुए। अम्बाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्बीट्रेटस पद पर महेन्द्र चावला, स. अरविन्द्र सिंह चावला व मुकेश मानकटला को मनोनीत किया गया। इसके अलावा संस्था को मजबूत करने के लिए शिवम सेठी को संगठन मंत्री के अलावा 9 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें स. जितेन्द्र सिंह नरूला, जुगल किशोर राठी, हरीश मोंगा, प्रांशु खुंगर, राजीव भारती, राजीव डंग, विनीत कुमार, हर्षित राठी व राजकुमार गुलाटी रहे। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल छाबड़ा व सहायक चुनाव अधिकारी स.नवकार सिंह, स. अमन सिंह द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर राज्य कर विभाग के अधिकारी उपायुक्त राजीव शाक्य, सहायक आयुक्त अमित अग्रवाल, कुलदीप कुमार, अमित कुमार, पुलकित जैन ने जीएसटी की वार्षिक रिटर्न भरने के सम्बन्ध में सभी पदाधिकारियों को प्रोजेक्टर द्वारा विस्तृत जानकारी दी। व्यापारियों की शंकाओं का समाधान करने के लिए व्यापारियों को आश्वस्त किया। इससे पूर्व जीएसटी पदाधिकारियों, व्यापारी नेता शीतल टण्डन एवं रायवाला मार्केट के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश अरोड़ा व उनकी टीम को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि रमेश अरोड़ा उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री व अनेकों संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने के साथ सामाजिक कार्यों में भी महती भूमिका निभाते हैं। इस दौरान किशोर मानकटला, किशन लाल बजाज, विजय मोंगा, सुरेश छाबड़ा, हरीश खुंगर, देवेन्द्र नारंग, पंकज धमीजा, अनुराग मलिक, त्रिलोक चावला मुख्य रहे। विशेष आमंत्रण पर रायवाला मार्केट के अध्यक्ष अजय कालरा, महामंत्री देवेन्द्र खन्ना, वरिष्ठ पदाधिकारी संजय अरोड़ा उपस्थित रहे।




# साड़ी विक्रेताओं ने सेल लगाकर की बम्पर बिक्री

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

आमतौर पर रक्षाबन्धन पर वस्त्र व्यापारी डिस्काउण्ट सेल लगाकर स्टॉक क्लियर कर देते हैं और नया माल का ऑर्डर दीपावली सीजन हेतु देने लगते हैं। अभी रक्षाबन्धन के मद्देनज़र साड़ी विक्रेताओं ने सेल लगाकर बम्पर बिक्री की। शहर के प्रमुख वस्त्र बाजार मालदास स्ट्रीट की कई साड़ियों के प्रतिष्ठानों पर डिस्काउण्ट ऑफर के बोर्ड दिखे तथा अच्छी तादाद में महिला ग्राहकों को साड़ियां खरीदते देखा गया। साड़ियों की सेल से बाजार में रौनक थी बढ़ गई और अन्य वस्त्रों पर भी इसका असर हुआ। कई साड़ी विक्रेताओं ने और माल मंगवाकर डिस्काउण्ट में बेचकर कम मार्जिन में अधिक बिक्री का सिद्धान्त भी अपनाया। रक्षाबन्धन पर साड़ियों के अलावा अन्य वस्त्रों की ग्राहकी सामान्य रही। लहरिया, वर्क वाली साड़ियां, लहंगे और इस प्रकार के परिधानों की विशेष डिमाण्ड रही।










# नवरात्रा से ग्राहकी चलने की संभावना

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

ब्यावर मार्केट में ग्राहकी धीमी गति से चल रही है। अभी पुनः पर्यूषण पर्व की आराधना दिनांक 13 सितम्बर 2023 से शुरू होगी। कपड़ा जरूरत के मुताबिक बिक रहा है। वैसे ग्रे बाजार में तेजी नहीं है। माल को बेचना पड़ रहा है। वैसे नवरात्रा से ही ग्राहकी चलने की संभावना है। पेमेंट की आवक ठीक-ठाक है।

ड्रेस मटीरियल सलवार सूट, साड़ीज, टेरी रुबिया, सूटिंग शर्टिंग, फैन्सी ब्लाउज वगैरह की मांग बनी हुई है। राजपूती ड्रेस में कॉटन ओढ़ना प्रिन्ट का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है।

# बाजार में ग्राहकी की रौनक आरंभ

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार अभी रक्षाबंधन से चालू हो गया है। अभी मार्केट में ग्राहकी चली है। मार्केट में सूटिंग-शर्टिंग व्यापारियों का फोन आने लग गया है। बुकिंग के वास्ते अभी मिल वाले प्रतिनिधि बुलाने लग गए हैं। श्री साँईनाथ सिंथेटिक्स के श्री बलराम जी का कहना है कि प्रतिनिधि को भेज बुकिंग रिटेल करवाने जा रहे हैं। अभी बाजार ठीक है। पेमेंट की आवक सही है। सतयुग फैब्रिक के श्री नागपाल जी का कहना है कि अभी साड़ियों की डिमांड एवं सूट, पेटीकोट, ब्लाउज पीस, पैंट-शर्ट की ग्राहकी अच्छी थी। रक्षाबंधन पर रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी थी। अभी मार्केट में आगे पूरा विश्वास से चलने की उम्मीद है।

बंसल एम्पोरियम नारनौल रेडीमेड में ग्राहकी बहुत ही अच्छी रही है। शुभम साड़ी एम्पोरियम नारनौल साड़ियों की ग्राहकी 200 से 1500 तक की डिमांड बहुत रही है। साड़ियों में डिजाइन, प्रिंट की साड़ी, कॉटन साड़ी की बहुत ही अच्छी बिक्री रही है। अभी सूरत की साड़ियों की डिमांड अच्छी है। साड़ियों की बुकिंग हो रही है पोपलीन पाली बालोतरा की बुकिंग भी अच्छी रही है। ऑफर मिलों में भेज रहे हैं। आगे सीजन रहेगा।

# व्यापारी दिख रहे हैं चिंताग्रस्त

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां पर मौसम के अनुसार तीज-त्यौंहार मनाए जाते हैं, उसके अनुसार ही व्यापार चलता है। सावन का महीना समाप्त होने के पश्चात तीज-त्यौंहार शुरू हो गये जिससे ग्राहकी भी शुरू होनी चाहिए।

किंतु इस बार व्यापारियों के चेहरे पर चिंता साफ की लकीरें दिखाई दे रही है। बरेली में साड़ी के अलावा कुछ भी बिक नहीं रहा है। साड़ी के अलावा ब्लाउज, अस्तर, साड़ी, फॉल और सिले हुए पेटीकोट भी बिके, आगे भी संभावना इसी की बिक्री की है। बरेली में पहले सूटिंग-शर्टिंग की अच्छी बिक्री थी परंतु अब बिल्कुल नगण्य हो गई है। लेडीज सूट की बिक्री भी सामान्य ही है। कुल मिलाकर केवल साड़ियों की बिक्री का ही जोर है। अतः व्यापारी चिंताग्रस्त है कि आखिर अब कब तक बिक्री उठेगी। आगे अक्टूबर के पश्चात ही काम का जोर होगा क्योंकि दीपावली 12 नवंबर की है।



# टेक्सटाइल जगत के लोकप्रिय ब्राण्ड MiSTAiR ने गोवा में फहराया परचम

A Siyaram's Initiative






















## द्वितीय चरण में ऑल इण्डिया से रिटेलर्स ने की शिरकत

मुम्बई / टेक्सटाइल जगत के लोकप्रिय ब्राण्ड MISTAIR द्वारा हाल ही में गोवा के फाइव स्टार होटल में 16 से 23 अगस्त, 2023 को भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस (द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया। प्रथम चरण से मिली अपार सफलता एवं कम्पनी की सम्पूर्ण टीम के उत्साह को ध्यान में रखते हुए मैनेजमेण्ट द्वारा इस द्वितीय चरण की कॉन्फ्रेंस में ऑल इण्डिया से रिटेलर्स ने भाग लेकर इसे सफलता के शिखर पर ले गये। जिसका शुभारंभ कंपनी के मार्केटिंग प्रेसीडेण्ट श्री अशोक टोरका के द्वारा रिटेलर्स की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान कंपनी के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार ने रिटेलर्स से विस्तार में चर्चा की एवं उनको आ रहे चेलेंजेज के बारे में जाना। साथ ही उनके मौजूदा स्टोर से सेल को कैसे बढ़ाया जाये, इस पर काफी उत्साहवर्द्धक सुझाव दिये। रिटेलर्स ने भी अपने व्यापार में आ रही समस्याओं को श्री पोद्दार के समक्ष रखा जिसके लिए श्री पोद्दार द्वारा प्रदान किये गये मोटीवेशन से रिटेलर्स काफी प्रभावित हुए। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर श्री अशोक जालान भी उपस्थित थे।

कंपनी के श्री अरविन्द गौर (बिजनेस हेड MISTAIR) ने बताया कि व्यापारियों की बढ़ती तादाद को ध्यान में रखते हुए कम्पनी द्वारा MISTAIR ब्राण्ड की इस कॉन्फ्रेंस को दो चरण में आयोजित किया गया। जो बहुत शानदार रही। कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा MISTAIR में कई तरह की नयी रेंज का भव्य प्रदर्शन किया गया, जिसे रिटेलर्स का भरपूर सहयोग मिला एवं व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर बुकिंग भी कराई।

### MISTAIR

इस ब्राण्ड के तहत कंपनी द्वारा ग्रिण्डल की नई डिजाइंस प्रस्तुत की साथ ही फैंसी पीस पैकिंग की 10-15 नयी वैरायटियां लॉन्च की जिनको देशभर से आये रिटेलर्स ने काफी सराहा। इसके अलावा फास्ट मूविंग एवं क्वांटिटी में बिकने वाले आइटम्स में भी 25-30 नये डिजाइंस पेश किये गये।

### BRAVISA

इस ब्राण्ड के अन्तर्गत वेल्यू एडेड प्रोडक्ट्स आते है। जिसमें टीआर, स्ट्रेच टीआर, रेग्यूलर टीआर इत्यादि का समावेश है। इसमें 180 नये कलर्स की बहुत ही उम्दा एवं आकर्षक रेंज पेश की गई, जिसे देखकर रिटेलर्स काफी उत्साहित हुए।

### TENNESSEE VERVE

यह एक इटेलियन प्रोडक्ट है। इसके अन्तर्गत हाई ट्विस्ट टीआर, यार्न डाइड टीआर लॉन्च की गई। इस तरह के प्रोडक्ट बाजार में बहुत कम उपलब्ध है। इसकी भी विस्तृत रेंज को प्रस्तुत किया गया। इस ब्राण्ड के तहत 2 नये प्रोडक्ट रेंज लॉन्च किये गये जिसमें टीआर नेक्स्ट (नेक्स्ट जनरेशन टीआर फैब्रिक) और अरबाना (सुपर काउण्ट) की नयी डिजाइंस भी डिस्पले की गई।

### BARCODE

इस ब्राण्ड के अन्तर्गत ब्लेक कलर की स्पेशल नयी रेंज लॉन्च की गई, जो ब्लेक कलर पहनने वाले उपभोक्ताओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। रिटेलर्स ने भी इस रेंज को अच्छा सराहा।

### COLORETTA

इस रेंज के अन्तर्गत डॉबी, स्ट्रक्चर में 30-80 नये कलर लॉन्च किये गये, सभी कलर्स ने रिटेलर्स को अपनी ओर बहुत आकर्षित किया।

### MISTAIR SHIRTING

श्री गौर ने बताया कि पीसी में 36'', 58'', 100 प्रतिशत कॉटन की नयी डिजाइन और प्रोडक्ट रेंज लॉञ्च की गई। सभी रिटेलर्स ने कंपनी की नयी प्रोडक्ट रेंज को अच्छा सराहा एवं शानदार बुकिंग भी करायी। 36'' में 400 से अधिक पोस्टर रेंज एवं 1500 से अधिक शर्टिंग डिजाइंस का विशाल प्रदर्शन किया गया, जिसने रिटेलर्स को काफी प्रभावित किया।






















# रमेश शर्टिंग की ऑल इण्डिया रिटेल मीट सिलिगुड़ी में जबरदस्त प्रतिसाद के साथ सम्पन्न

## वैवाहिक सीजन एवं पूजा के लिए मिली सर्वाधिक बुकिंग

## रेडीमेड शर्टिंग ब्राण्ड मोण्टोरो की रेंज देख व्यापारी हुए मंत्रमुग्ध











**सिलिगुड़ी/** प्रतिष्ठित शर्टिंग उत्पादक कम्पनी गाड़ोदिया सिन्टेक्स प्रा.लि. द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए 8 से 14 अगस्त 2023 को मेफेयर टी रिसोर्ट, सिलिगुड़ी में अपनी 9th रिटेल मीट ऑल इण्डिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य आकर्षण कम्पनी द्वारा उत्पादित अनेक नये डवलपमेण्ट जैसे ब्राण्ड रमेश शर्टिंग, रेडीमेड शर्टिंग ब्राण्ड मोण्टोरो तथा कॉटन साड़ी ब्राण्ड गणगौर का भव्य डिस्प्ले किया गया, जिसे व्यापारियों द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिला। बाहर से आए सभी व्यापारियों ने इस यूनिक डिस्प्ले तथा नये डवलपमेण्ट को सराहा एवं जमकर बुकिंग कराई। यह कॉन्फ्रेंस दो चरण में पहली 8 से 13 अगस्त को शर्टिंग एवं गारमेण्ट ब्राण्ड तथा द्वितीय चरण में 13 व 14 अगस्त को गणगौर ब्राण्ड के लिये आयोजित किया गया।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री रमेश गाड़ोदिया ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में हमारे द्वारा आने वाले सीजन को ध्यान में रखते हुए 36'' एवं 58'' शर्टिंग में काफी नये डवलपमेण्ट पेश किए गये, जिनमें प्लेन, प्रिण्ट, एम्ब्रॉयडरी, चैक्स की जबरदस्त रेंज व्यापारियों को देखने को मिली। इस कॉन्फ्रेंस में हमारे द्वारा जोड़ी पैकिंग में काफी सारी नयी पैकिंग बाजार में लॉञ्च की गई, जिसमें विशेषकर पैकेजिंग एवं वैरायटी को व्यापारियों द्वारा पसन्द किया गया। जोड़ी पैकिंग पर हमारे द्वारा जबरदस्त स्कीम भी दी गयी है, जिसे व्यापारियों से अच्छा प्रतिसाद मिला।

श्री गाड़ोदिया ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमारे रेडीमेड गारमेण्ट शर्टिंग ब्राण्ड मोण्टोरो को काफी पसन्द किया गया। कम्पनी द्वारा इस ब्राण्ड में फॉर्मल शर्ट, सेमी फॉर्मल, कुर्ता पायजामा, जींस, कॉटन शर्ट, ब्लेजर, कोट पेंट की विस्तृत रेंज देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गये। जो व्यापारी इस ब्राण्ड से जुड़े हैं, उन्होंने इस ब्राण्ड के उत्पादों को आगे होकर वापस मांगा है क्योंकि इस ब्राण्ड के उत्पादों की पैकिंग एवं फैब्रिक्स की फिनिशिंग काफी लाजवाब है। इस ब्राण्ड में प्योर कॉटन शर्टिंग की रेंज व्यापारियों को खूब पसन्द आई। काफी सारे नए व्यापारी जुड़े भी हैं।

### कॉटन साड़ी ब्राण्ड गणगौर को मिला जबरदस्त प्रतिसाद

कम्पनी के साड़ी ब्राण्ड गणगौर की रेंज देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गये। आज यूपी, बिहार में गणगौर ब्राण्ड की अच्छी डिमाण्ड देखी गई है। इसकी रेंज वाजिब दरों पर उपलब्ध है।







### सर्वाधिक व्यापारियों की उपस्थिति एवं नये एरिया भी डवलप

श्री गाड़ोदिया ने यह भी बताया कि हम हर साल अपनी ऑल इण्डिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन करते हैं, जहां हर बार व्यापारियों में भरपूर उत्साह होता है लेकिन इस बार व्यापारियों में एक नया जोश देखा गया। व्यापारियों ने सभी उत्पादों की जमकर सराहना की तथा बढ़-चढ़ कर बुकिंग भी कराई। इस दौरान हमारे साथ काफी सारे नये व्यापारी भी जुड़े। नये-नये एरिया से भी उनकी उपस्थिति इस कॉन्फ्रेंस में थी, उन्होंने हमारे उत्पादों की जमकर प्रशंसा की।




RAMESH
SHIRTINGS
PEHNO JO INDIA PEHNE

MONTORO® SHIRTS

GANGORE® SAREES













# श्री सुनील जागेटिया एवं JITO संगठन के प्रतिनिधि मण्डल की राष्ट्रपति से मुलाकात



भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी के कपड़ा निर्माता, ग्लोरिया इन होटल के ओनर एवं पथमेड़ा गौशाला के राष्ट्रीय मंत्री श्री सुनील जागेटिया एवं जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO) के प्रतिनिधि मंडल एवं पदाधिकारियों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से भेंट की गई।

श्री जागेटिया ने बताया कि इस भेंट का प्रमुख उद्देश्य दिनांक 6 से 8 अक्टूबर को जयपुर राजस्थान में होने वाले जीतो कनेक्ट 2023 के उद्घाटन के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में निमंत्रण देने के लिए प्रार्थना-पत्र प्रदान कर स्वीकृति की मांग रखना है। इस संदर्भ में महामहिम राष्ट्रपति से चर्चा हुई एवं उन्हें कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया। गौरतलब है कि जीतो संगठन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत है जिसमें कई नामचीन उद्यमी एवं समाज के प्रबुद्ध लोग जुड़े हुए हैं। जयपुर शहर में होने वाले इस कार्यक्रम में (जेईसीसी) जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में स्थित विशेष रूप से डिजाइन किया गया 42 एकड़ में विस्तृत शानदार कार्यक्रम क्षेत्र है। कार्यक्रम के विभिन्न आयोजनों, मंडपों, स्टॉलों पर 1.5 लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। सैकड़ों बुद्धिजीवी और युवा इस आयोजन के लिए लगातार काम कर रहे हैं।


जीतो संगठन ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यम करने की स्वतंत्रता, विजिटर को आकर्षित करने एवं उद्यमशीलता की भावना को आत्मसात करने के लिए मंच प्रदान करता है। महामहिम राष्ट्रपति से प्रतिनिधि मंडल द्वारा पर्यावरण प्रेमी अमृता देवी बिश्नोई का प्रसंग राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में जोड़ने के लिए भी निवेदन किया जिन्होंने एक जमाने में पेड़ काटने के विरोध में अपने प्राण न्यौछावर किये। राष्ट्रपति द्वारा इसके लिए आश्वासन दिया गया।

**इस मुलाकात में जीतो संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों में श्री मनोज मेहता - महासचिव (जीतो एपेक्स), श्री महावीर सिंह चौधरी - निदेशक (जीतो एपेक्स), श्री मृदुल सालेचा - संयोजक (जीतो एपेक्स), श्री बजरंग बोथरा - जोन चेयरमैन (दिल्ली), श्री विमल सिंघवी - संयोजक (JITO कनेक्ट 2023), श्रीमती सलोनी जैन - सह संयोजक (जीतो कनेक्ट 2023), श्री नितिन जैन - अध्यक्ष (जीतो जयपुर), श्री शांति लाल मेहता - अध्यक्ष (जीतो उदयपुर 2020-22), श्री सुनील जागेटिया - (सामाजिक कार्यकर्ता) आदि शामिल थे।**

# कपड़ा मंत्री से टेक्सटाइल उद्योग की समस्याओं पर चर्चा

भीलवाड़ा/ सांसद सुभाष बहेड़िया ने आज केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर टेक्सटाइल उद्योग की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा की। कपड़ा मंत्री ने गंभीरता से सभी विषयों पर विचार कर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के मानद महासचिव आर के जैन ने बताया कि सांसद बहेड़िया ने मंत्री महोदय का ध्यान टफ योजना के पेंडिंग प्रकरणों की ओर आकर्षित किया एवं जनवरी 2023 में भीलवाड़ा में चार दिवसीय कैम्प आयोजन के बावजूद पेंडिंग रहे काफी प्रकरण अभी तक निराकरण नहीं होने की जानकारी दी। बहेड़िया के आग्रह पर मंत्री महोदय ने पुनः भीलवाड़ा में विशेष टफ प्रकरण निवारण कैम्प के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की। यह कैम्प शीघ्र ही आयोजित होगा। टफ योजना के तहत कई आठ-दस वर्ष पुराने ऐसे प्रकरण है, जिनमें अनुदान की कुछ किश्तें जारी होना बाकी है। टेक्सटाइल कमिश्नर कार्यालय की ओर से ऐसे टफ, एमटफ, आरटफ योजना के ऐसे प्रकरणों में पुनः जेआईटी कराने के पत्र जारी किये गये हैं। बहेड़िया ने मंत्री महोदय को बताया कि टेक्सटाइल सेक्टर में निरन्तर आधुनिकीकरण आवश्यक है, 5-6 वर्ष के उपयोग के साथ मशीनों पर उत्पादन कम हो जाता है, साथ ही और नई आधुनिक तकनीक आ जाती है, ऐसे में कई प्रकरणों में मशीनों का परिवर्तन हो चुका है। काफी पुराने ऐसे प्रकरणों में अब मशीनों के कागजात बैंकों में उपलब्ध होना मुश्किल हो रहा है। टफ योजना के तहत उद्यमी को बैंक परिवर्तन की अनुमति थी। कई उद्यमियों ने बैंक परिवर्तन कर लिए है। क्रेडिट लिंक स्कीम या टफ योजना में कई प्रकरणों में उद्यमियों ने पूरा लोन चुका दिया एवं अनुदान की दो-तीन या कुछ ही किश्त बाकी है। इस सब कारणों से मशीनों के कागजात बैंक से उपलब्ध कराना असंभव सा है। साथ ही प्रोसेसिंग आदि सेक्टर में निरन्तर काम में आने से कई मशीनों पर उत्पादक की नेम प्लेट खराब हो चुकी है आदि। ऐसे में आठ-दस वर्ष पुराने प्रकरणों में जेआईटी करने का कोई औचित्य नहीं है। इन प्रकरणों में उद्यमी की स्वयं की घोषणा एवं चैम्बर आदि संस्थाओं के सत्यापन से ही बकाया अनुदान जारी कर दिया जाना चाहिए। मंत्री महोदय ने इस प्रकरण पर गंभीरता से विचार कर विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। टेक्सटाइल उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए सांसद बहेड़िया ने पीएलआई पैटर्न योजना को टेक्सटाइल सेक्टर के लिए शीघ्र लागू करने एवं इसमें टेक्सटाइल के सभी सेक्टर स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, रेडीमेड आदि को सम्मिलित रखने का आग्रह किया। कपड़ा मंत्री ने पीएलआई पैटर्न योजना को भी शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया।



## सम्पादकीय....

# एक देश-एक चुनाव राष्ट्रहित में उचित पहल

इस पर आश्चर्य नहीं कि एक देश-एक चुनाव पर समिति के गठन की घोषणा होते ही कुछ नेताओं ने उसका विरोध करना शुरू कर दिया है। कुछ ने तो इसे असंभव या फिर असंवैधानिक भी बता दिया है। ऐसे नेता इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ ही होते थे।

केंद्र सरकार ने एक देश-एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर यह स्पष्ट कर दिया कि वह लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव कराने को लेकर गंभीर है। यह कोई नया विचार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी एक लंबे समय से एक साथ चुनाव की पैरवी करते रहे हैं। उनके पहले लालकृष्ण आडवाणी भी इसकी आवश्यकता जताते रहे हैं। 2018 में विधि आयोग ने भी एक देश-एक चुनाव की पहल का समर्थन करते हुए एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें यह रेखांकित किया गया था कि इसके लिए कुछ संवैधानिक संशोधन करने होंगे। यह कोई बहुत कठिन कार्य नहीं। विगत में निर्वाचन आयोग भी यह कह चुका है कि वह लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव कराने में सक्षम है।

इस पर आश्चर्य नहीं कि एक देश-एक चुनाव पर समिति गठन की घोषणा होते ही कुछ नेताओं ने उसका विरोध करना शुरू कर दिया है। कुछ ने तो इसे असंभव या फिर असंवैधानिक भी बता दिया है। ऐसे नेता इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ ही होते थे। यह सिलसिला मुख्यतः इसलिए बाधित हो गया, क्योंकि अनुच्छेद 356 का मनमाना इस्तेमाल करके राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया जाने लगा।

जो लोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि कई देशों में एक साथ ही चुनाव होते हैं। कुछ देशों में तो केंद्र के साथ राज्यों और स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक साथ करा लिए जाते हैं। यह भी एक तथ्य है कि 2019 में लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। यदि चार राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हो सकते हैं तो सभी राज्यों में क्यों नहीं?

कुछ क्षेत्रीय दल इस तर्क के जरिये एक साथ चुनाव के विचार का विरोध करते रहे हैं कि लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर होते हैं और यदि ये मुद्दे राज्यों के मुद्दों पर हावी हो जाएंगे तो इससे उन्हें नुकसान होगा। यदि ऐसा है तो फिर यह तो हो ही सकता है कि लोकसभा चुनाव के दो-ढाई वर्ष बाद सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ करा लिए जाएँ। इससे भी समय और संसाधनों की अच्छी-खासी बचत होगी।

अच्छा हो कि एक साथ चुनाव की पहल का विरोध कर रहे नेता दलगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दें और इस पर ध्यान दें कि बार-बार चुनाव होते रहने से एक तो संसाधनों की बर्बादी होती है और दूसरे आचार संहिता लागू होते रहने के कारण विकास के काम भी अटकते हैं। इसके अलावा राजनीतिक दल रह-रहकर चुनाव होते रहने के चलते सदैव चुनावी मुद्रा में बने रहते हैं और राष्ट्रहित के विषयों पर कम ध्यान दे पाते हैं।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# ये जीवन है, इस जीवन का यही है रंग रूप...



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

मेरे प्यारे दोस्तों, आजकल सुबह-सुबह झूले पर हाथ में चाय का कप लेकर जिंदगी के बारे में सोचता हूँ। कितने पल गए यह हमें पता है लेकिन कितने पल हमारे पास है हमें पता नहीं है। जिंदगी का एक-एक पल अनमोल है हमें पता नहीं कि कब क्या होने वाला है। हमारे सबके भविष्य के आगे पर्दा है तो हम इतना कर सकते हैं कि कल की चिंता छोड़कर आज में जीना शुरू कर दे।

मानव मन ऐसा है कि आज जो हो रहा है, अच्छा-बुरा, उसमें जीना छोड़ भविष्य की ओर देखकर चिंता करता ही रहता है। इसलिए वह आज में नहीं जी पाता है। जिंदगी का प्रवाह ऐसा है कि जो बीत जाए वो फिर वापस मुड़ता नहीं है तो जो भी है इस पल में जी लेने का नाम ही जिंदगी है। जिंदगी कुछ ऐसी है कि हमें बैलेंस बनाकर चलना होता है बिल्कुल साइकिल के जैसे। जो गति भी करती है और हम अगर बैलेंस बनाए रखें तो यह गति हमें आगे भी ले जा सकती है लेकिन हम जीवन के साथ-साथ चलें तो!

हमें एक बात याद रखनी चाहिए कि जिस तरह से पतझड़ के बिना बहार नहीं आती है इसी तरह से संघर्ष के बिना जीवन में हम किसी सुख का अनुभव नहीं कर सकते हैं और हमारे जीवन में बहार नहीं आती है। जिंदगी का नाम ही चढ़ाव-उतार से पार होकर जीना है।

आपने कभी हमारा कार्डियोग्राम देखा है? उसमें हमारे हार्ट की रेखाएं नीचे-ऊपर हों तभी हृदय का कार्य स्वस्थ माना जाता है। इसका मतलब यह हुआ कि जीवन की सार्थकता ही चढ़ाव-उतार में मानी गई है। आप किसी भी महापुरुष का जीवन चक्र देखें तो उसमें बहुत सारे चढ़ाव-उतार देखे जा सकते हैं। किसी का भी जीवन एक तरह का नहीं होता है। कभी संघर्ष आता है तो कभी ठहराव आता है, कभी चढ़ाव होता है तो कभी उतार होता है। लेकिन चलते रहना, चढ़ते रहना, उतरते रहना और उसके बाद फिर से चढ़ना यही जीवन की रीत है। जीवन तो रंगीन है, वह वैविध्यपूर्ण है। लेकिन मान लीजिए की जीवन में दो ही रंग है - श्वेत और श्याम, ब्लैक एंड व्हाइट। लेकिन उसमें भी क्रमशः परिवर्तन होता रहता है। कभी कहीं पर सदा के लिए धूप नहीं होती और कहीं पर सदा के लिए छाँव भी नहीं रहती। दिन के बाद रात आती है और रात के बाद सुबह का उदय होता है। वैसे ही जीवन में भी कभी थोड़े गम आते हैं, कभी थोड़ी खुशियां आती है। हमें खुशी के समय में अपने आप को स्थिर रखता है और गम के समय में अपने आप को स्वस्थ रखना है।

ऐसा कहा गया है कि भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के मैदान में पूछा था कि भगवान मुझे एक ऐसा उपदेश दीजिए एक ऐसी बात बताइए जो सुख और दुख दोनों समय में मैं याद रखूं और मुझे सही मार्गदर्शन मिलता रहे। भगवान ने उसे एक वाक्य कहा था - यह समय भी बीत जाएगा। कितनी सच्ची बात है यह। अगर हम खुश हैं तो हमें यह याद रखना है कि यह खुशियां ज्यादा दिन ठहरने वाली नहीं है, उसके बाद जो संघर्ष का समय आने वाला है। उसके लिए हमें अपने आप को तैयार करना है। अगर गम का समय है, दुःख का समय है, संघर्ष का समय है, विपत्ति का समय चल रहा है तब भी हमें यही याद रखना है कि यह समय भी बीत ही जाने वाला है। मतलब हमें अपने आप को धैर्य प्रदान करना है, हमें अपने आपको स्वस्थ रखना है कि भले ही आज मेरा समय ठीक नहीं चल रहा है लेकिन आने वाले समय में मैं फिर वही रफ्तार से गति करूंगा, मैं वहीं आनंद से अपना जीवन व्यतीत करूंगा।

प्रसिद्ध हिंदी कवि और फिल्म जगत के जाने-माने गीतकार प्रदीप जी का एक बहुत ही सार्थक गीत है जो हमारे इस विषय को यथार्थ रूप में अभिव्यक्त करता है-

**सुख-दुःख दोनों रहते जिसमें जीवन है वो गाँव,**
**कभी धूप तो कभी छाँव।**
**ऊपर वाला पासा फेंके नीचे चलते दाँव,**
**कभी धूप तो कभी छाँव।**

**मेरा एक बहुत ही प्रिय हिंदी फ़िल्म का गीत है। जो आज मैं आप सभी को जीवन के उपलक्ष्य में समर्पित करना चाहता हूं -**

**ये जीवन है इस जीवन का यही है, यही है, यही है रंग रूप**
**थोड़े ग़म हैं, थोड़ी ख़ुशियाँ, यही है, यही है, यही है छाँव धूप,**
**ये जीवन है...**
**ये ना सोचो इसमें अपनी हार है कि जीत है,**
**उसे अपना लो जो भी जीवन की रीत है ये ज़िद छोड़ो,**
**यूँ ना तोड़ो हर पल एक दर्पण है ये जीवन है...**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# विनायक ट्रेडिंग कंपनी की 22वीं रिटेल कॉन्फ्रेंस 24 सितंबर को जयपुर में

जयपुर/ ब्राण्डेड मेन्स वियर फैब्रिक्स के जाने माने होलसेल डीलर्स विनायक ट्रेडिंग कंपनी एवं रेवांता ट्रेड वेंचर्स द्वारा आगामी 24 सितंबर को जयपुर स्थित जश्न बेंकेट फोर्ट में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के संचालक श्री आदित्य डालमिया द्वारा रिटेल व्यापारियों के लिए हर साल शानदार रिटेल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है, यह इनके संस्थानों की 22वीं रिटेल कॉन्फ्रेंस है। श्री आदित्य डालमिया के अनुसार कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों के लिए आगामी सीजंस की अग्रिम तैयारी के लिए मेन्स फैशन इंडस्ट्री के लग्जरी एवं प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड्स का एक ही छत के नीचे आकर्षक डिस्प्ले किया जायेगा।

**इन ब्रांड्स का किया जायेगा डिस्प्ले-** श्री डालमिया के अनुसार कॉन्फ्रेंस में कडिनी, टेसीटुरा मोंटी, रेमंड, यूरिको, ब्रीजी, बर्गोयन, अवंत मोडा, बेयर्ड कॉटन आदि सुपर प्रीमियम ब्राण्ड्स की ओर से लेटेस्ट एवं ट्रेंडिंग डिजाइनर फैब्रिक्स का डिस्प्ले किया जायेगा। खासतौर से कडिनी की ओर से नया एक्जोटिक कॉटन शर्टिंग फैब्रिक पेश किया जायेगा। कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों के लिए और भी कई आकर्षण होंगे, जिसका फायदा व्यापारी कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर उठा सकता है।

# आर. डी. टेक्सटाइल एवं सालासर मार्केटिंग द्वारा मल्टी ब्राण्ड फैब्रिक डिस्प्ले

जयपुर/ स्थानीय मंडी में सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल डीलर आर. डी. टेक्सटाइल एवं सालासर मार्केटिंग द्वारा आगामी 16 सितंबर 2023 को रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के संचालक श्री सीताराम गोयल ने बताया कि एम.आई. रोड़ स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप एसेंशियल में यह एक दिवसीय रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है, जिसमें मेंस वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स डोनियर, मयूर, क्रिपलोन आदि की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के सभी क्षेत्रों से रिटेल व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि रिटेल व्यापारी आगामी फेस्टिव, वेडिंग एवं विंटर सीजन की अग्रिम तैयारी के लिए इस कॉन्फ्रेंस में जरूर विजिट करें। सभी ब्राण्ड्स द्वारा लेटेस्ट एवं फ्रेश डिजाइनर कलेक्शन का डिस्प्ले किया जायेगा। कॉन्फ्रेंस में व्यापारी विभिन्न तरह की आकर्षक स्कीम्स का भी लाभ उठा सकते हैं। डोनियर ब्राण्ड के राजस्थान एजेंट श्री अनीष माथुर ने बताया कि डोनियर द्वारा यह कॉन्फ्रेंस हर साल आयोजित की जाती है, इस बार भी डोनियर बहुत अच्छी तैयारी के साथ विभिन्न आकर्षक स्कीम्स के साथ इस कॉन्फ्रेंस में नए-नए फैब्रिक कलेक्शन प्रस्तुत करेगा।

# लॉर्ड कृष्णा फैब्स द्वारा वार्षिक रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन

जयपुर/ स्थानीय मेंस वियर फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल डीलर लॉर्ड कृष्णा फैब्स द्वारा 10 सितंबर 2023 को होटल रेडिसन में एक दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। हर साल आयोजित की जाने वाली इस कॉन्फ्रेंस में लॉर्ड कृष्णा फैब्स द्वारा इस बार मेंस वियर क्षेत्र के विश्व विख्यात ब्रांड रेमंड की कंप्लीट रेंज प्रस्तुति जायेगी, जिसमें रेमंड सूटिंग, शर्टिंग, लिनन एवं एथनिक ब्रांड एथनेयर में विस्तृत रेंज प्रदर्शित की जायेगी। साथ ही प्रीमियम कॉटन सूटिंग शर्टिंग ब्रांड टेसुटी में भी वाइडेस्ट रेंज डिस्प्ले में शामिल होगी। संस्थान के संचालक श्री मनीष बंका ने बताया कि आगामी सीजंस की बेहतर तैयारी के लिए हम हर साल यह कॉन्फ्रेंस करते हैं। इस कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों के लिए एकदम फ्रेश एवं लेटेस्ट फैब्रिक कलेक्शन प्रस्तुत करने जा रहे है। फेस्टिव, वेडिंग एवं विंटर सीजन के लिए हम खास रेंज इस कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत करेंगे, जिसका फायदा रिटेलर्स को जरूर उठाना चाहिए।

# नारायणी फैबिक्स की पहली रिटेल कॉन्फ्रेंस जयपुर में

जयपुर/ ब्राण्डेड सूटिंग - शर्टिंग के होलसेलर 'नारायणी फैब्रिक्स' द्वारा राजस्थान के रिटेलर्स के लिए 10 सितंबर को जयपुर शहर के होटल गोल्डन ट्यूलिप में एक दिवसीय पहली रिटेल कॉन्फ्रेंस आगामी फेस्टिव सीजन की तैयारी के लिए आयोजित की जा रही है। कॉन्फ्रेंस में मेन्स वियर ब्राण्ड्स Navsari Cotton Mills, Absoluto Elite, Kelvin Shirting, Vezzitro, EMSA Mitva आदि के फैशन फैब्रिक्स का डिस्प्ले किया जायेगा। नारायणी फैब्रिक्स के संचालक श्री जितेन्द्र गर्ग एवं श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में मेन्स वियर के लिए प्रीमियम सूटिंग शर्टिंग, कुर्ता पायजामा फैब्रिक्स, टीआर फैब्रिक्स एवं एथनिक फैब्रिक्स में आकर्षक रेंज प्रदर्शित की जायेगी। कॉन्फ्रेंस में EMSA में गीजा कॉटन शर्टिंग में एक्सक्लूसिव प्रिंट डिजाइंस तथा एब्सोल्यूटो एलीट में प्रीमियम पॉलीवुल सूटिंग्स की स्पेशल रेंज डिस्प्ले की जाएगी। फेस्टिव, वेडिंग एवं विंटर सीजन के लिए हमने विशेष तैयारी की है, जिसका फायदा व्यापारियों को जरूर उठाना चाहिए। कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स के लिए विभिन्न तरह के आकर्षक बुकिंग ऑफर्स भी रखे गए हैं।

# ग्रेट इंडिया टेक्सटाइल ट्रेड फेयर सफलतापूर्वक संपन्न



इचलकरंजी में आयोजित ग्रेट इंडिया टेक्सटाइल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते श्री राहुल आवाड़े। साथ में श्री चंद्रकांत पाटिल, श्री राजेश सिन्हा और गणमान्य।

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

इचलकरंजी के पंचरत्न हॉल में 1 से 4 सितंबर तक ग्रेट इंडिया टेक्सटाइल मशीनरी ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। इसमें सूरत, बंगलुरु, कोयंबटूर, भीलवाड़ा, पुणे आदि प्रमुख केन्द्रों से देश की 65 कंपनियों ने अपनी स्टॉल लगाई। इसमें प्रमुख तौर पर एयरजेट लूम, जेकॉर्ड लूम, यार्न मशीन, डिजिटल प्रिंटिंग, क्रॉम्प्रेसर एवं इन अत्याधुनिक मशीनरी के साथ ही स्पेयर पार्ट, सायजिंग के लिए लगने वाले स्टॉल भी शामिल थे। फेयर के ऑर्गेनाइजर श्री राजेश सिन्हा ने बताया कि साइजिंग, प्रोसेसिंग, पावरलूम एवं गारमेंट इंडस्ट्री के उत्थान हेतु यह आयोजन किया गया।

ट्रेड फेयर का शुभारंभ जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल आवाड़े ने किया। साथ ही इस आयोजन में पावरलूम एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री चंद्रकांत पाटिल, उद्यमी श्री पांडुरंग सोलगे के साथ बड़ी संख्या में वस्त्रोद्योग से जुड़े व्यापारी उपस्थित थे।

# आगामी त्योहारी मांग के मद्देनज़र वीवर्स हुए उत्साहित

**इरोड़ / ललित धारीवाल**

आगामी त्योहारी मांग जिसमें पोंगल एवं दिवाली सीजन में खरीदी की डिमाण्ड शुरू होने से यहां के वीवर्स एवं व्यापारियों में खुशी की लहर दिखने लगी है। इण्डस्ट्री में उपयोगी कच्चे मालों में रेयॉन विस्कॉस यार्न में 10-12 रु किलो की तेजी देखी गई, स्पिनिंग उद्योग में हिंदुस्तान का सबसे बड़ा क्षेत्र इरोड़ है जहां तकरीबन पूरे हिंदुस्तान की स्पिनिंग मिलों का 70 प्रतिशत प्रॉडक्शन होता है। पिछले 12 महीने से उत्पादन मूल्य से नीचे बिकवाली होने की वजह से मण्डी नुकसान में चल रही थी। अभी मार्केट में 5 से 10 प्रतिशत तेजी से स्पिनिंग उद्योग ने राहत की सांस ली है। कॉटन यार्न में 10 से 20 रु किलो की तेजी ने मार्केट में हलचल पैदा की लेकिन कॉटन कपड़े में डिमांड कम होने की वजह से कॉटन ग्रे कपड़े में ओर ब्लीच कपड़े में मंदी का दौर जारी है। अहमदाबाद क्षेत्र में कार्यरत डाईंग मिलों पर प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल विभाग की कार्यवाही होने से तकरीबन 500 छोटी बड़ी डाईंग प्रिंट छिपावाड़ उद्योग सील कर दिए गए। जिससे कपड़ा समय पर प्रोसेस ना होने की वजह से डिमांड में भारी कमी देखी गई। साल दर साल टेक्सटाइल उद्योग मंदी की मार झेलते-झेलते चल रहा है। देश के दूसरे बड़े व्यापार को, जिस पर तकरीबन 15 करोड़ लोग आश्रित हैं, उस कपड़ा व्यवसाय पर सरकार का उचित ध्यान ना होने की वजह धीरे-धीरे टेक्सटाइल उद्योग कमजोर होता जा रहा है और दूसरी तरफ विदेशी मांग पिछले साल की बजाय इस साल बहुत ही कम हो गई है। लगातार चाइना ओर बांग्लादेश भारत को टक्कर दिए जा रहे हैं। तमिलनाडु के टेक्सटाइल्स उद्योग जैसे स्पिनिंग, साइज़िंग, वीविंग, डाईंग और होजयरी उद्योग से जुड़े लाखों व्यापारी सरकार के सहयोग की तरफ देख रही है कि सरकार उनको उनके परिश्रम का पारितोषिक प्रदान करे। क्योंकि टेक्सटाइल उद्योग एक ऐसा उद्योग है जिस पर लाखों परिवार आश्रित है और देश में रोजगार का सबसे बड़ा सहयोगी है। फिर भी सरकार टेक्सटाइल्स उद्योग को बढ़ावा देने की बजाय नजरअन्दाज करती है। आने वाले वर्ष में भी कपड़ा उद्योग की हालत कुछ खास होने वाली नही है क्योंकि 2024 में चुनावी माहौल कपड़ा उद्योग पर बहुत बुरा असर छोड़ेगा। कुल मिलाकर रेंगते इस टेक्सटाइल्स उद्योग को सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों में बदलाव कर सरल औद्योगिक प्रकिया करने और बैंकिंग सेक्टर द्वारा को सहयोगात्मक भावों से व्यापारियों का साथ देने से कपड़ा उद्योग में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

# ग्राहकी का सन्नाटा : पेमेंट टाइट

**पाली/ कैलाश टवानी**

अभी पूरे भारतभर में ग्राहकी फिलहाल कहीं पर भी नहीं के बराबर हैं। हर वर्ष की तरह बिहार, यूपी में सावन की ग्राहकी रहती है। वह भी छुटपुट ग्राहकी रही है। अभी फिलहाल एक माह तक ग्राहकी कमजोर रहेगी। ग्राहकी ना रहने के कारण पेमेंट पोजिशन बहुत ही टाइट चल रही है। अभी पेमेंट न के बराबर आने से आड़तिये भी पेमेंट जमा करने हेतु फोन कर रहे हैं। इस बार पेमेंट टाइट होने के कारण यहां के व्यापारियों के काफी सेल्समैन मण्डियों में गए हुए हैं कि बाहर के व्यापारी शर्म से कुछ तो पेमेंट देंगे। ग्राहकी न रहने व आगे पर्यूषण होने से जैन समाज की काफी फैक्ट्रियां बंद रहने के कारण यहां के उद्यमीयों अब ग्रे माल की खरीद नहीं कर रहे हैं। करीब-करीब 15 दिन फैक्ट्रियां सुचारू रूप से शुरू होने में लग जाते हैं। इस कारण ग्रे मार्केट बढ़कर वापस कम हो रहे हैं। आगे ग्राहकी भी दीपावली के समय ही रहने से फिलहाल एक माह तो ग्रे बढ़ने वाले नहीं है। यह सोचकर खरीदी एक तरह से रुकी हुई है। प्लेन रूबी अस्तर की डिमांड बिल्कुल नहीं है। सिर्फ प्रिंट साड़ियों की डिमांड जरूर बताई जा रही है। साड़ियों के अब यहां पर 30 से 35 ही उद्यमी रहे हैं जबकि एक समय यहां पर प्रिंटेड साड़ियों का ही व्यापार था। यहां बनाने वाले रहने से अभी प्रिंट कॉटन साड़ियाँ व्यापारी जरूर मंगा रहे हैं जबकि 80 प्रतिशत यहां के व्यापार डाइंग प्लेन का काम अभी हो रहा है, इनकी डिमांड बिल्कुल नहीं है।

# कॉटन यार्न की मांग सुधरने से उत्पादन बढ़ा

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

यार्न बाजार स्थिर हो गया है। मांग एवं आपूर्ति के बीच संतुलन है। यार्न में किसी तरह की अटकलबाजी नहीं है। उत्पादन के साथ मांग का सपोर्ट बाजार को मिलना शुरू हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में भारत से टेक्सटाइल एवं एपेरल के निर्यात में आई गिरावट का असर कपड़ों के उत्पादन पर पड़ा था, जिससे कॉटन यार्न सहित अन्य किस्म के यार्न की मांग पर भारी दबाव बना था, साथ ही कपड़ा एवं यार्न का आयात भी जारी था। कॉटन यार्न बनाने वाली मिलों ने यार्न का उत्पादन रोक दिया था। लेकिन अब कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ रहा है। स्पिनिंग मिलों की उत्पादन क्षमता पहले की तुलना में बढ़ी है, इसका अनुमान रूई की बढ़ी मांग से लगाया जा रहा है। रूई के भाव में स्थिरता आने के साथ इसके भाव में आगे बहुत उछाल की कोई संभावना नहीं होने तथा निर्यात में कारोबार कमजोर होने के बावजूद त्योहारी सीजन में कपड़ों की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए न केवल कॉटन यार्न की मांग पहले की तुलना में सुधरी है, बल्कि इसके साथ ही पीवी और पीसी तथा विशिष्ट किस्म के यार्न की मांग में निखार आने लगा है। पहले स्पिनिंग मिलों की स्थिति दयनीय हो गई थी, मिलें आधे से अधिक अपनी क्षमता घटाकर यार्न का उत्पादन कर रही थी, परंतु स्पिनिंग मिलों में अस्सी प्रतिशत की क्षमता से यार्न का उत्पादन हो रहा है। जिन एक तिहाई मिलों ने यार्न का उत्पादन घटाया था अथवा रोका था, उसमें भी यार्न बनने लगा है।

## Yarn Rate+GST
## यार्न रेट्स 05 सितम्बर, 2023

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 223 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 268 |
| 2/30 Frosted | 223 |
| 2/30 Dyed Slub | 223 |
| 2/30 School Dress Clourer | 223 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 222 |
| 2/40 Dyed | 267 |
| 2/30 Frosted | 220 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 187 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 160 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 175 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 165 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 185 |
| 1/15 Poly Black | 115 |
| 20 PV Black | 154 |
| 15 PV Black | 151 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 113-142 |
| 150 Roto Black | 110-153 |
| 150 Roto Bright | 123-148 |
| 150/250 Grey | 125-159 |
| 150/250 Dyed | 125-159 |
| 150 Fdy | 132 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 130 |
| 2/40 POLY | 180 |
| 2/15 Poly Grey | 125 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 124 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 55-92 |
| 6 CONE | 81-142 |
| 10 CONE | 94-185 |
| 2/4 CONE | 85-138 |
| 2/6 CONE | 85-158 |
| 2/8 CONE | 89-160 |
| 2/10 CONE | 107-219 |
| 2/20 CONE | 199-259 |
| 2/30 CONE | 289-389 |
| 2/40 CONE | 280-356 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 187 |
| 15 CONE | 191 |
| 20 CONE | 200 |
| 2/15 CONE | 202 |
| 2/40 CONE | 240 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 179 |
| 2/30 65/35 Black | 232 |
| 2/30 65/35 Gray | 202 |
| 2/40 65/35 Black | 270 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 242 |

### GORAKHPUR YARN
### PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 164 |
| 1/20 P/V | ..... |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 130 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 210 |
| 2/30 PV | 184 |
| Mahabir | |
| 15 PV | 150 |
| 20 PV | 155 |

**Inclusive of 12 % GST**

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

**Fancy Yarn Per Kg**

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 211 |
| 2/60 PVT | 278 |
| 2/60 Polyster | 228 |
| 2/80 PC Combed | 360 |
| 2/76 Polyster | 278 |
| 2/60 P.V. | 278 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 194+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 183+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 182+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES
9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 polyster Grey | 130.00 |
| 2/20 polyster Grey | 145.00 |
| 1/15 PV Grey Mill TFO | 147.00 |
| 2/18 Pv Black 70/30 | 162.00 |
| 2/30 Pv Black 70/30 | 180.00 |
| 1/15 Pv Black70/30 Mill T. | 150.00 |
| 1/30 Pv Black70/30 Mill T. | 170.00 |
| 2/30Pv Black70/30 Mill T. | 188.00 |
| 2/40Pv Black70/30 Mill T. | 225.00 |
| **Dev Shree** | |
| 1/09 100 % Poly B. Atocone | 106.00 |
| 2/18 100% Poly B. TFO | 126.00 |
| 2/30 100% Poly Black | 146.00 |
| 2/30 % poly dyeds | 205.00 |
| 1/30% poly dyeds | 185.00 |
| 1/30 % poly Black | 143.00 |
| 1/15 % poly Grey | 121.00 |
| 1/30% poly Grey | 135.00 |
| **SIDH SHILA (SSM)** | |
| 12/18 pv 85/15 Black | 140 |

### Kishangarh Yarn Bazar
PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20ˢ Puja viscous | 558 |
| 16ˢ cottspin | 500 |
| 20ˢ Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 177 |
| 1/14 OE | 193 |
| 1/16 OE | 196 |
| 1/20 OE | 217 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CW | 282 |
| 2/40 CW ELLY | 280 |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 140+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 133+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 128+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 232+GST |
| 2/18 P/V Black | 181+GST |
| 2/30 P/V Black | 234+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 179 |
| 7 OE | 181 |
| 10 OE | 187 |
| 10 Lycra | 265 |
| 10 Slub Lycra | 285 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

टेक्सटाइल वर्ल्ड
समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR,
COMMERCIAL MALL,
GOVINDAM,
OLD RTO ROAD,
BHILWARA-311001,

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv yarn** | |
| 2/60 pv | 268 |
| 2/40 pv | 190 |
| 2/30 pv | 171 |
| 2/24 pv | 167 |
| 2/20 pv | 163 |
| 2/18 pv | 161 |
| 2/15 pv | 158 |
| 20 pv | 153 |
| 15 pv | 147 |
| 10 pv | 145 |
| **POLY YARN** | |
| 2/40 poly | 172 |
| 2/30 poly | 150 |
| 2/24 poly | 148 |
| 2/20 poly | 142 |
| 2/15 | 139 |
| 15 | 129 |
| 10 | 126 |
| **RECYCLED POLY** | |
| 2/40 Poly | 154 |
| 2/30 Poly | 134 |
| 2/20 Poly | 125 |
| 2/15 | 120 |
| 15 poly (Nahar) | 112 |
| 15 poly (Krisna) | 110 |
| **100% poly black yarn** | |
| 2/30 pv | 170 |
| 2/30 poly | 146 |
| 15 poly | 115 |
| 2/18 1167. | 124 |
| 2/18 016 | 163 |
| **PC yarn 65:35** | |
| 2/40 | 216 |
| 2/30 | 197 |
| 14 pc oe 65/35 | 126 rs |
| **Subh Yarn Magic** | |
| 2/48 | 164 |
| 2/45 | 161 |
| Pvt Yarn | |
| 2/32 pvt | |
| 2/32 pt | |
| 2/28 pt&pvt | |
| Now Start Production **Formosa** | |
| 65/35 Blend | |
| 2/40 pv | |
| 2/30 pv | |

Please contact us for any enquiry

**Bhavit Jain : Mob. 99292-13144**

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

## भूल ना जाना ०२९

RISHAB WORLD



# जमनालाल बजाज

(१८८९-१९४२)

**बजाज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज** के संस्थापक श्री जमना लाल बजाज का जन्म राजस्थान के शेखावटी में हुआ, जो कालांतर **वर्धा** (महाराष्ट्र) चले गए।

अंग्रेजों को प्रथम विश्व युद्ध में वित्तीय सहायता प्रदान करने के फलस्वरूप उन्हें **राय बहादुर** की उपाधि से नवाजा गया, जिसे 1921 में गांधीजी के **असहयोग आंदोलन** में शामिल होने पर वापस लौटा दी।

अपने व्यापार के साथ वे राजनीति में सक्रिय रहे और **कांग्रेस** में शामिल हो गए। इन्हें गांधी जी ने अपना **पांचवां पुत्र** माना था।

गांधीजी के **उच्च सामाजिक विचारों** से प्रभावित होकर उन्होंने खादी के प्रचार हेतु गांधी जी के दूसरे **आश्रम** सेवाग्राम में **खादी और ग्रामोद्योग** की स्थापना की।

**समाज सुधार** के लिए उन्होंने वर्धा में **सन 1928 में हरिजनों** के लिए **फैमिली टेंपल** की स्थापना की। इसके साथ ही उन्होंने **हरिजनों के साथ भोजन** करने का अभियान चलाया।

देश में एक भाषा चलाने के क्रम में उन्होंने **सी राजगोपालाचारी** के साथ मिलकर **दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा** की स्थापना की, जिसके माध्यम से हिंदी के विस्तार और संपूर्ण देश में हिंदी स्थापित करने की पहल की।

ऐसे **महापुरुष** की स्मृति में कई संस्थाएं आज भी हैं, जो **जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज** के नाम से चल रही है।




# बाजार में तेजी की सुनहरी किरणों का आभास




**बालोतरा/ एलसी पुनीत**

मंदी की वेगवती हवाओं पर अब विराम लग गया है। मंदी का राग वे ही अलापते हैं, जिनके पास मान वास्तविकता यह है कि आगे सीजन का विस्तृत आकाश सुनहरी किरणों का आभास दे रहा है। ऐसे में अधिकांश उद्यमी अपनी क्षमता अनुसार ग्रे क्लॉथ खरीदने व माल तैयार करने में मशगूल नजर आता है। यार्न में तेजी के साथ वांछित मात्रा में ग्रे क्लॉथ उपलब्ध न होना दर्शाता है कि सम्बद्ध व्यक्ति यों को संकेत मिल गया है कि आगे अच्छी तेजी आये बिना नहीं रहेगी। समाचारों के अनुसार कपास की फसल सदैव से कम आने से भी बाजार की मंदी की टोन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय प्रमुख आड़तियों की धारणा के अनुसार तेजी आये बिना नहीं रहेगी। वैसे एक उद्यमी अशोक सिंघवी ने बताया कि मंदी तब समझो जब माल ट्रांसपोर्ट में जाता ही नहीं है। एक दिन ऑफर कम आने का अर्थ मंदी समझना सही नहीं हैं, कारण कि दूसरे दिन अच्छे ऑफर आ जाते हैं। मंदी का माहौल ऐसा, वास्तव में कोई अर्थ नहीं रखता। वैसे मंडियों को कभी तेजी लगती ही नहीं उनको भरे सीजन में मंदी की आहट सुनाई पड़ती है। सभी भलीभांति परिचित हैं कि वर्षपर्यन्त एक सी स्थिति न तो रही है और न रहेगी। बारीकी से अध्ययन किया जाये तो स्थानीय वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग के कई उत्पाद जिनमें पोपलीन, प्रिन्ट नाईटी, रेयॉन, पेटीकोट, अस्तर, रूबिया आदि की चालानी वर्षपर्यन्त कम ज्यादा मात्रा में नियमित रूप से चलती रहती है। कई बार कतिपय कारणों से ऑफर अच्छी मात्रा में होने के उपरान्त भी चालानी में विलम्ब स्वाभाविक बन जाता है।

बालोतरा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक का 23वाँ वार्षिक अधिवेशन पारस भवन जसोल में सम्पन्न किया। इस अवसर पर बैंक अंशधारकों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति देकर कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिनमें खाता धारकों को अधिकाधिक सुविधायें मुहैया कराने के साथ बैंक में वर्षों से कार्यरत सुविधा कर्मचारियों को स्थाई करने की बात सर्व सम्मति से प्रस्तावित की गई। समारोह में विशिष्ट सेवाओं के लिये सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये व वार्षिक रिपोर्ट विमोचित की गई।

बालोतरा के उपखण्ड स्तर से जिले में तब्दील होने से जिलाधीश कार्यालय ने अपना कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। प्रथम जिलाधीश राजेन्द्र विजय ने शहर की स्वच्छता व ट्राफिक व्यवस्था की ओर विशेष सतर्कता बरती है। उद्यमियों ने बताया कि यहाँ कार्यरत इएसआई अस्पताल में स्थाई तौर पर चिकित्सक और आवश्यकता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बालोतरा लघु उद्योग मण्डल समिति के सचिव कमलेश चोपड़ा ने बताया कि इस सम्बंध में पत्राचार व विशेष सम्पर्क कर समाधान किया जाएगा।

धार्मिक क्षेत्र होने से आध्यात्मिक गतिविधयों की लहर चलती रहती है। राजनैतिक पार्टियों की चहल-पहल स्पष्ट दृष्टिगोचर होने लगी है। टिकट प्राप्त करने हेतु कई उम्मीदवार आशा लगाये बैठे हैं, और सभी इस दृष्टि से प्रयत्नशील होकर वोटर को आकर्षित कर रहे हैं।

# सितम्बर मध्य से रूई की आवक बढ़ेगी

## भाव प्रति खंडी अभी 60 हजार से नीचे, दिसम्बर से पहले रूई के भाव में उछाल की संभावना नहीं

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

नई कपास की आवक होने लगी है, एकाध सप्ताह के बाद आवक में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। जो कपास मई महीने में बोया गया था, वह धीरे-धीरे तैयार होकर बाजार में आने लगा है। यद्यपि बाजार में नियमित आवक कम है। कपास को रूई में बदलने के काम में जिनिंग इकाइयों की तैयारी पूरी है। उत्तर भारत की ओर तो रूई की गाँठें बन रही है। सितम्बर मध्य से यह आवक दैनिक करीब दो लाख गांठ तक पहुंच जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। गुजरात और महाराष्ट्र में भी कमोबेश कपास एवं रूई को लेकर इस तरह की स्थिति है। रूई के भाव प्रति खंडी 60 से 62 हजार रू की रेंज में रहने की संभावना है। यह भाव भी पूर्व के भाव की तुलना में अच्छा माना जा रहा है। परंतु ऐसी रिपोर्ट है कि कुछ स्थानों पर जहां अधिक बारिश हुई है, वहां की फसलों में कीड़े लगे हैं। इनका प्रतिशत बहुत कम होने से उत्पादन पर बहुत असर नहीं होगा।

बाजार में रूई का भाव 58700 से लेकर 59300 रू प्रति खंडी के बीच चल रहा है। बाजार में रूई के भाव किसी भी हालत में 56 से 57 हजार रू के नीचे नहीं जा सकते हैं। मिलों में रूई की मांग बढ़नी शुरू हो गई है। स्टॉक होल्डर रूई में बिकवाल है। टेक्सटाइल एवं यार्न मिलों की हालत पहले अच्छी नहीं थी। यार्न मिलें अपनी क्षमता से कम पर यार्न उत्पादन कर रही थी। बाजार में यार्न के भाव स्थिर हो गए है। मिलों की उत्पादन क्षमता बढ़ी है। इजिप्ट एवं यूएसए से आयातित कुछ रूई पर शुल्क हटाने की मांग है।

रूई की बढ़ती मांग के साथ नई रूई के बाजार में आने से भाव में तेजी की संभावना है। रूई की नई आवक अभी कमजोर रही है, परंतु आगामी दिनों में आवक अच्छी होने के अनुमान से स्टॉक होल्डरों ने पहले से सस्ते में खरीदी रूई को अब बाजार में बेचना शुरू कर दिया है। गुजरात में जिन किसानों ने अपना माल रोक रखा था और धीरे-धीरे बेचा है, तो यहां पुराने कपास और नये कपास को मिलाकर रूई की गांठें बनेगी और इसे नये माल के तौर पर बेचा जाएगा। बाजार के जानकारों को लगता है कि कपास एवं रूई के भाव में दिसम्बर से पहले किसी बड़े उछाल की कोई संभावना नहीं है। निर्यात कारोबार कम हो रहा है और इसके बहुत अधिक बढ़ने का आसार नहीं दिखाई दे रहा है।

इस बीच अक्टूबर से शुरू हुई 2022-23 के लिए कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने जुलाई महीने के अपने अनुमान में कुछ संशोधन नहीं किया है और उत्पादन अनुमान पहले जैसा ही रखा है। प्रति 170 किलो की एक गांठ ऐसी कुल 311.18 लाख गांठ रूई उत्पादन का अनुमान है। कुल आपूर्ति अनुमान 332.30 लाख गांठ है , जिसमें 296.80 लाख गांठ की आवक शामिल है। एसोसिएशन ने अक्टूबर से जुलाई 2023 तक 265 लाख गांठ खपत का अनुमान लगाया है। जबकि 31 जुलाई 2023 तक निर्यात शिपमेंट 14 लाख गांठ और आयात अनुमान 15 लाख गांठ है। वैश्विक स्तर पर निर्यात में सुधार के संकेत नहीं है। एसोसिएशन का अनुमान है कि निर्यात 16 लाख गांठ तक हो सकता है।

# लिनन शर्टिंग ब्राण्ड मैजिक गीजा की रिटेल कॉन्फ्रेंस हैदराबाद में संपन्न

## लिनन एवं डिजिटल प्रिंट की शानदार रेंज प्रदर्शित



Magic Giza
100 % Pure Linen

**मुंबई/** लिनन शर्टिंग एवं डिजिटल प्रिंट में उभरते ब्राण्ड मैजिक गीजा की दो दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन 25/26 अगस्त 2023 को हैदराबाद के पांच सितारा मेरीगोल्ड होटल में किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा शर्टिंग की विस्तृत रेंज व्यापारियों के समक्ष पेश की गई।

कंपनी के डायरेक्टर श्री दीपक जैन ने बताया कि मैजिक गीजा ब्राण्ड की उत्पादक कंपनी मैजिक लाइफस्टाइल के अंतर्गत आज शर्टिंग फैब्रिक की उम्दा क्वालिटी का उत्पादन किया जाता है जो भारत की तमाम मण्डियों में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जाता है।

श्री जैन ने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा हैदराबाद एवं सिकंदराबाद के रिटेलर्स ने शिरकत की। कंपनी द्वारा उत्पादित लिनन, डिजिटल प्रिंट, पोलिएस्टर फैब्रिक की विस्तृत रेंज पेश की गई।

कंपनी के तरफ से युवा टीम श्री दीपक जैन, श्री कुणाल जैन एवं श्री दिव्य जैन ने रिटेलर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम हर सीजन के लिए अपने व्यापारियों को उम्दा क्वालिटी उपलब्ध कराते आ रहे हैं, इसी का परिणाम है कि आज हम भारत की तमाम मण्डियों में अपना नेटवर्क स्थापित कर चुके हैं।












Postal Registration No BHILWARA/208/2021-2023 RNI Registration No. 71772/98
















# सरकार ने फिर बढ़ाई टेक्सटाइल सेक्टर के लिए पीएलआई योजना


## अब उद्योग 31 अक्टूबर तक कर सकता है आवेदन

नई दिल्ली/ देश के टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने और विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धक बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एक बार फिर एमएमएफ परिधान, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्र वाले उत्पादों के लिए कपड़े की पीएलआई योजना की अवधि दो माह के लिए बढ़ा दी है। अब इस योजना का लाभ उठाने के लिए उद्योग 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। टेक्सटाइल मंत्रालय का कहना है कि उद्योग हितकारकों के अनुरोध को देखते हुए सरकार ने इस अवधि को दोबारा बढ़ाया है। इससे पहले सरकार ने 18 जुलाई को इस योजना को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सरकार ने योजना के तहत 64 आवेदन स्वीकार किए थे। गत वर्ष आरंभ की गई पीएलआई योजना-1 में न्यूनतम निवेश की शर्त 300 करोड़ रुपए की और न्यूनतम कारोबार की 600 करोड़ रुपए की थी। बहरहाल, पीएलआई के लिए पात्रता न्यूनतम निवेश 100 करोड़ रुपए और न्यूनतम कारोबार 200 करोड़ रुपए की है। समझा जाता है कि सरकार के पास अभी इस मद में लगभग 4,000 करोड़ रुपए की राशि बकाया है और यही कारण है कि सरकार ने इस योजना को दूसरी बार बढ़ाया है। सरकार ने गत पीएलआई योजना मैनमेड फाइबर, गारमेंट, मैनमेड फैब्रिक्स और टेक्निकल टेक्सटाइल उत्पादों के लिए आरंभ की है ताकि देश में इनका उत्पादन बढ़ाया जा सके और निर्यात को बढ़ावा मिले। इस योजना के लिए सरकार ने 5 वर्ष के लिए 10,683 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। टेक्सटाइल उद्योग के सूत्रों का कहना है कि योजना की अवधि बढ़ाने के बाद अब कुछ उद्यमी भी इसका लाभ उठा पाएंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में आर्थिक मंदी की आहट के बीच चालू वर्ष के पहले चार महीनों में देश से टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात में गिरावट आई है, जो चिंता का विषय है। टेक्सटाइल और गारमेंट का कुल निर्यात में प्रमुख योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था में भी यह महत्वपूर्ण स्थान रखता है।




## कॉटन की आवक 334.95 लाख गांठ

नई दिल्ली/ नेशनल कॉटन ब्रोकर एसोसिएशन के अनुसार कॉटन सीजन 2022-23 में देश में 31 अगस्त तक कॉटन की कुल आवक लगभग 334.95 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसका कहना है कि सीजन के दौरान देश में कॉटन का उत्पादन 345.50 लाख गांठ होने का अनुमान है। इस प्रकार किसानों के पास लगभग 10.55 लाख गांठ कॉटन का स्टॉक होने का अनुमान है। दूसरी ओर कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया के अनुसार 28 अगस्त तक देश में कॉटन की आवक लगभग 322.87 लाख गांठ पर पहुंच चुकी थी। कमेटी ऑफ कॉटन प्रॉडक्शन एण्ड कंजम्पशन (सीओसीपीसी) का कहना है कि 2022-23 में कॉटन का उत्पादन 343.47 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसके विपरीत कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) का अनुमान 311.18 लाख गांठ का है।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

# फैशन की दुनिया में तेजी से बढ़ता नाम ÀBSOLŪTO™

FINER SIDE OF FASHION

## फैशनेबल एवं स्टाइलिश पहनावे के लिए सर्वोत्तम ब्राण्ड

मुंबई/ फैशन का संसार विविधताओं से भरा है और इसमें विभिन्न फैशन ब्राण्ड अपने विशिष्ट डिजाइन एवं स्टाइल से चमकते हैं। दुनिया में कई बड़े और प्रसिद्ध फैशन ब्राण्ड हैं जो लग्जरी कपड़ों के लिए विख्यात हैं। इन फैशन ब्राण्ड्स के उत्पाद उनकी विशिष्टता और उन्नत डिजाइंस के कारण बाजार में व्यापक रूप से विक्रय होते हैं। हर फैशन पसंद व्यक्ति को उनका कपड़ा पहनकर खुद को अलग और खास महसूस करने का अवसर मिलता है। लेकिन दुनियाभर में कार्यरत इन लग्जरी फैशन ब्राण्ड्स का कपड़ा काफी महंगा होता है, जिसे केवल समाज का उच्च वर्ग ही इस्तेमाल कर पाता है। ऐसे में आज के दौर में ABSOLUTO नामक फैशन फैब्रिक ब्राण्ड उच्च मध्यम वर्ग के लिए ऐसा कपड़ा बना रहा है जो फील, फिनिश एवं स्टाइल में विश्वस्तरीय होने के साथ-साथ अफॉर्डेबल भी है। वर्ष 2015 में लग्जरी फैशन फैब्रिक उत्पादन से अस्तित्व में आए इस ब्राण्ड ने फैशन के प्रति जागरूक व्यक्तियों के लिए श्रेष्ठतम कैटेगरी का कपड़ा बड़े विश्वस्तरीय ब्राण्ड्स के समकक्ष तैयार किया है।

ABSOLUTO उच्च मध्यम वर्ग को टारगेट कर उनकी फैशन जरूरतों को अफोर्डेबल प्राइस रेंज में पूरा करने की दिशा में द्रुत गति से अग्रसर है। कपड़ों से फैशन एवं स्टाइल को विशिष्टता के साथ पेश कर रहे इस ब्राण्ड द्वारा दुनिया की फैशन जरूरतों के हिसाब से विश्वस्तरीय कपड़ा बनाया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर आज के दौर में समाज का सबसे बड़ा वर्ग मध्यम वर्ग है जो उच्च मध्यम दर्जे की ओर शिफ्ट हो रहा है। जिनकी फैशन में भी गहरी रुचि बढ़ रही है, लेकिन महंगे ब्राण्ड्स कहीं ना कहीं इनकी जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहे हैं इसलिए ABSOLUTO की निर्माता कंपनी केबीएस इंटरनेशनल ने महंगे ब्राण्डों के बराबर का कपड़ा उच्च मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया है। क्वालिटी, डिजाइनिंग, कलर्स एवं कंफर्ट, फील में श्रेष्ठता का अहसास कराने में सक्षम ABSOLUTO ब्राण्ड सही कीमत में विश्वस्तरीय कपड़ा उपलब्ध कराने का जिम्मा पूरी शिद्दत के साथ निभा रहा है।

### फैशन, स्टाइल एवं गुणवत्ता के नायाब उदाहरण

ABSOLUTO सही मायने में हर फैशनपसंद युवा के लिए फैशन, स्टाइल एवं गुणवत्ता से लबरेज श्रेष्ठतम क्वालिटी का कपड़ा बना रहा है। इसके कपड़े की सबसे बड़ी खासियत है कि यह इम्पोर्टेड होने के साथ लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के सभी मापदंडों पर खरी उतरती है। जहां तक क्वालिटी की बात है ABSOLUTO की प्रत्येक फैब्रिक रेंज फैशनेबल होने के साथ-साथ स्टाइल एवं गुणवत्ता का भी नायाब उदाहरण मानी जाती है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कपड़ों की पहुंच सुनिश्चित करने में कामयाब ABSOLUTO इम्पोर्टेड टीआर फैब्रिक्स उत्पादन में तो विशेषज्ञता हासिल कर ही चुका है। अब यह ब्राण्ड ABSOLUTO - ELITE ब्राण्डनेम से वूलन ब्लेंड में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी फैब्रिक्स बना रहा है। यही नहीं, लग्जरी फैशन की चाहत रखने वाले वर्ग के लिए ALACARTE ब्राण्डनेम से सुपर प्रीमियम लग्जरी फैशन फैब्रिक भी बना रहा है, जो पूर्णतया यूरोप में निर्मित है।

### वर्ल्ड वाइड नेटवर्क

ABSOLUTO का सेल्स नेटवर्क वर्ल्डवाइड है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में इसका कपड़ा डिमांड के साथ बिक रहा है। कपड़ा बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारियों से लेकर टॉप मॉडर्न लाइफस्टाइल स्टोर्स, बुटीक स्टोर्स, टेलर्स एवं रिटेलर्स कोABSOLUTO का कपड़ा उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी न ABSOLUTO के लिए पूरे भारत में सेल्स चैनल पार्टनर बनाए हुए हैं, वही ABSOLUTO ELITE के लिए कुछ क्षेत्रों में डायरेक्ट रिटेल भी किया जा रहा है, तथा लग्जरी रेंज का फैब्रिक कई फैशन डिजाइनर्स एवं बुटीक स्टोर्स को डायरेक्ट भेजा जा रहा है।

ÀBSOLŪTO™ ELITE | ALACARTE ORIGIN OF LUXURY | Woollo by ABSOLUTO

### स्टार सेलिब्रिटी एवं टॉप फैशन डिजाइनर्स की चॉइस बना ABSOLUTO

ABSOLUTO ने अपनी उम्दा फैब्रिक रेंज के दम पर फैशन की दुनिया में जलवा बिखेरा है। आज के दौर के टॉप फैशन डिजाइनर्स एवं सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट द्वारा ABSOLUTO का फैब्रिक डिजाइनर परिधान बनाने के लिए काम में लिया जा रहा है। वहीं कई मशहूर राजनीतिज्ञों द्वारा भी ABSOLUTO के कपड़े से तैयार परिधान पहने जा रहे हैं। अमिताभ बच्चन जैसे टॉप स्टार सेलिब्रिटी के स्टाइलिस्ट द्वारा ABSOLUTO के बेहतरीन कपड़े का उपयोग किया जाने लगा है। फैब्रिक उत्पादन में नित नए डवलपमेंट एवं इनोवेशन से यह ब्राण्ड मॉडर्न लाइफ़स्टाइल स्टोर्स से लेकर टॉप टेलर संस्थानों पर पहुँच बना चुका है।

### परफेक्ट फॉर फैशन लवर्स

ABSOLUTO फैशन की चाहत रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आकांक्षाओं पर खरा उतर रहा है। मेन्स वियर के समस्त आउटफिट्स के लिए इसकी अपर प्रीमियम लग्जरी फैशन फैब्रिक रेंज परफेक्ट मानी जाती है। इंपोर्टेड टीआर फैब्रिक्स के साथ-साथ आधुनिक एवं वूलन ब्लेंडेड फैब्रिक्स में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन हर किसी को आकर्षित करता है। डिजाइंस की व्यापकता, कलर्स का आकर्षण तथा उम्दा फैब्रिक होने के समस्त गुणों से परिपूर्ण ABSOLUTO की ओर से मेन्स फैशन के लिए पार्टी वियर, वेडिंग, फॉर्मल, कैजुअल जैसे समस्त परिधानों के लिए भरपूर रेंज बनाई जा रही है। कोट-पेंट, ब्लेजर, जैकेट, टक्सीडो तथा एथनिक एवं वेस्टर्न वियर्स जैसे परिधानों के लिए ABSOLUTO सर्वश्रेष्ठ चॉइस है। भारत ही नहीं अपितु दुनिया के कई देशों में यह ब्राण्ड अपने उम्दा उत्पादन का सफलतापूर्वक विक्रय कर रहा है।

### अफोर्डेबल रेट्स में लग्जरी फैशन फैब्रिक्स

ABSOLUTO ब्राण्ड की सबसे बड़ी खूबी इसकी शानदार लग्जरी फैशन फैब्रिक रेंज है जो बाजार में अफोर्डेबल रेट्स में उपलब्ध कराई जा रही है। फैशन के मामले में अपनी तरफ से सर्वोत्तम देने की सोच के साथ कार्यरत कंपनी केबीएस इंटरनेशनल ABSOLUTO के तहत निरन्तर नई रेंज देने के लिए पूरी दुनिया के फैशन बाजार के ट्रेंड्स का गहन अध्ययन करती है, तत्पश्चात बाजार में अपना नया डवलपमेंट जारी करती है। ABSOLUTO के लग्जरी कपड़ों की बात करें तो इम्पोर्टेड टीआर फैब्रिक्स में इसके द्वारा सर्वाधिक रेंज ऑफर की जा रही है, जिसमें नई डिजाइन के साथ कलर्स एवं गुणवत्ता का विशिष्ट संयोजन झलकता है। अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर्स द्वारा तैयार नवीनतम फ्रेश डिजाइंस एवं आधुनिक तकनीक से सॉफ्ट, स्मूथ एवं सिल्की कपड़ा बनाया जा रहा है, जो पहनने वाले को उम्दा एवं आरामदायक होने का अहसास कराता है।

## अपर मिडल क्लास को लग्जरी फैशन फैब्रिक्स उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य



**-श्री कमल सेकसरिया**
**फाउण्डर एवं डायरेक्टर -ABSOLUTO**

टेक्सटाइल सेक्टर में विगत चार दशक से कार्यरत अनुभवी उद्यमी श्री कमल सेकसरिया एक जानी-मानी शख्सियत हैं। इन्होंने अपनी दक्षता एवं कुशलता से फैशन की चाहत रखने वाले व्यक्तियों को श्रेष्ठतम कपड़ा वाजिब दरों में उपलब्ध कराने के संकल्प को ABSOLUTO ब्राण्ड के रूप में पूरा किया है। इन्होंने केबीएस इंटरनेशनल नामक कंपनी की स्थापना के कुछ समय बाद भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपर मिडल क्लास की खूबसूरती को निखारने के लिए दुनिया के महंगे ब्राण्ड्स के समकक्ष ABSOLUTO ब्राण्ड को नई अवधारणाओं के साथ पेश किया। अपने युवा सुपुत्र श्री हर्ष सेकसरिया को साथ लेकर इन्होंने पूरी दुनिया के फैशन ट्रेंड्स का अनुसरण करते हुए कुछ नया और विशेष करने के लिए एशिया एवं यूरोप की मॉडर्न कंपनीज के साथ फैब्रिक उत्पादन के अनुबंध करके व्यवसाय को दिशा दी। आज हम भारत में इंपोर्टेड फैब्रिक ब्राण्ड्स की बात करें तो ABSOLUTO फैब्रिक ब्राण्ड्स की कैटेगरी में अग्रिम पंक्ति में खड़ा हुआ है। श्री कमल सेकसरिया की विलक्षण प्रतिभा एवं फैशन के प्रति गहरी समझ से आज ABSOLUTO फैशन के चाहने वालों के लिए श्रेष्ठतम चॉइस बनता जा रहा है।

श्री कमल सेकसरिया ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि 'भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में फैशन के प्रति जागरूकता बढ़ी है। खासतौर से अपने पहनावे को लेकर आज के युवा वर्ग की सोच बदली है। फैशन विकल्पों की तलाश में युवा वर्ग ने अपने रहन-सहन में फैशन के महत्व को समझा है परंतु पॉपुलर ब्राण्ड का कपड़ा काफी महंगा होता है। ऐसे में कहीं ना कहीं ऐसे ब्राण्ड्स की बाजार में हमेशा मांग रहती है जो फैशनेबल होने के साथ-साथ अफॉर्डेबल भी हो। ABSOLUTO के रूप में हमने बड़े एवं महंगे ब्राण्ड्स के समकक्ष लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स से ओतप्रोत नवीनतम फैब्रिक रेंज बाजार में पेश की है। श्री सेकसरिया ने कहा कि कई ब्राण्ड्स द्वारा वादे बड़े-बड़े किए जाते हैं। उपभोक्ता से कपड़े के रेट्स भी अपर प्रीमियम रेंज के लिए जाते हैं परंतु कपड़े की क्वालिटी एवं कम्फर्ट वैसा नहीं होता जैसा दावा किया जाता है। हमारी सोच इस मामले में बिल्कुल अलग है। हम भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व के अपर मिडल क्लास के लिए ऐसा फैशन फैब्रिक्स बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं, जो दिखने में लाजवाब एवं पहनने में आरामदायक हो। आज हम टॉप रेटेड ब्राण्ड्स की समस्त खूबियों वाला कपड़ा बेहद रीजनेबल रेट्स में उपलब्ध कराने की राह पर चल पाए, इसकी हमें खुशी है। कम्पनी द्वारा फैशन फोरकास्ट पर बराबर नजर रखते हुए नए डिजाइंस के क्रिएशन एवं विभिन्न तरह के नए-नए कलर पैलेट्स में नित नये प्रयोग करते हुए नई रेंज डेवलप की जा रही है। हर सीजन की एडवांस तैयारी तथा सीजन के अनुकूल एडवांस डिजाइन डवलप करने के लिए अपने बिजनेस चैनल पार्टनर्स से राय कर कपड़ा बनाने एवं उनसे जरूरी टिप्स लेकर समय पर कपड़े की डिलिवरी सुनिश्चित करते हैं।



# सरावगी सुपर सेल्स का 19वाँ गारमेण्ट फेयर सुपरहिट

## मेन्स, वूमेन्स एवं किड्स वियर सप्लायर्स का धमाकेदार प्रदर्शन

## 270 सप्लायर्स एवं 2500 से अधिक ग्राहकों ने बढ़ाई फेयर की रौनक
























**SARAOGI SUPER SALES PVT. LTD.**

SSS है जहाँ, Transparency है वहाँ...

दिल्ली/ भारत की प्रसिद्ध फैशन एवं परिधान कंपनी 'सरावगी सुपर सेल्स प्राइवेट लिमिटेड' (SSS) द्वारा 18 और 19 अगस्त को आयोजित '19वां गारमेंट फेयर 2023' ने जमकर धूम मचाई। देशभर के प्रतिष्ठित सप्लायर्स, कस्टमर्स ने SSS के द्वारा आयोजित '19वां गारमेंट फेयर 2023' में भाग लिया। ग्राहकों को अच्छे और सस्ते कपड़े खरीदने के साथ धमाकेदार कार्यक्रम के आयोजन की वजह से एंटरटेनमेंट का भी माहौल देखने को मिला। बता दें कि 19वां गारमेंट फेयर 2023 का आयोजन A-DOT कन्वेंशनल हॉल, एंबिएंस गोल्फ ड्राइव, गुरुग्राम में किया गया। जहां 270 से भी ज्यादा सप्लायर्स ने अपना स्टॉल लगाया, 2500+ ग्राहकों ने अपनी खरीददारी की और फेयर की रौनक बढ़ाई।

गुरुग्राम में स्थित प्रसिद्ध "A-DOT" में 19वां गारमेंट फेयर 2023 का प्रदर्शन इतने भव्य रूप से पहली बार हुआ। SSS ने 'बॉलीवुड क्लब नाइट' का आयोजन भी किया जिसमे बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और प्रसिद्ध फिल्म गायक सुखबीर सिंह और अपनी स्टैंडअप कॉमेडी से लोगों के बीच पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध स्टैंडअप कॉमेडियन गौरव गुप्ता ने अपनी परफॉरमेंस से जमकर धूम मचाई। ग्राहकों ने सभी कैटेगरी की कपड़ों की खरीददारी की, वूमेन वियर, किड्स वियर, मेंस वियर। एथनिक वियर की लेटेस्ट और आधुनिक रेंज की पेशकश ने ग्राहकों को खूब लुभाया।








### SSS - एक परिचय

सरावगी सुपर सेल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भारत की प्रसिद्ध B2B मर्चेंट एक्सपोर्टर एंड गारमेंट -बाइंग कंपनी है जो कपड़ा एवं परिधान उद्योग से जुड़े होलसेलर्स (थोक विक्रेताओं) और रिटेलर्स (खुदरा विक्रेताओं)को मार्केटिंग, प्रोडक्ट और कम से कम लागत में रिटेल व्यवसाय शुरू करने में मदद करती है।

कंपनी का ऑफिस मेटिया ब्रूज, बड़ा बाजार (कोलकाता), पटना, कानपुर, गांधीनगर, चांदनी चौक, टैंक रोड, (दिल्ली) लुधियाना, जयपुर, इंदौर, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, बैंगलोर, तिरुपुर सहित पूरे भारत में मौजूद है।

कंपनी के पास 15000 से भी ज्यादा फैशन ब्रांड्स, 6000+कस्टमर्स, 5000+सप्लायर्स की बड़ी श्रृंखला मौजूद है। जो होलसेलर्स और रिटेलर्स को अपना बिजनेस आगे बढ़ाने में सहयोग करती है।





# Launching Soon In India

Worlds Most Luxurious 100% Giza & Linen Shirting Fabric

ITALY

1913
ferno

www.ferno1913.com

Address :Manifattura di Ferno S R L. Via borgo santa Caterina nr 5824124 Bergamo (Lombardy), Italy.
email: info@ferno1913.com

# इण्डिया इंडस्ट्रियल फेयर के आयोजन से भीलवाड़ा में उत्सव का माहौल

## सभी तरह के यार्न, फैब्रिक एवं टेक्सटाइल मशीनरी निर्माता करेंगे भव्य डिस्प्ले

### देशभर से भीलवाड़ा में जुटेंगे कपड़ा कारोबारी

### 15 -17 सितंबर को सुमाटेक्स फैक्ट्री प्रांगण में होगा आयोजन

**भीलवाड़ा/ सत्यप्रकाश**.. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों के सबसे बड़े औद्योगिक संगठन लघु उद्योग भारती द्वारा टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा में आगामी 15-17 सितंबर को इण्डिया इंडस्ट्रियल फेयर -2023 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती, भीलवाड़ा इकाई एवं फेयर कमेटी अध्यक्ष श्री महेश हुरकट ने बताया कि देश के 500 जिलों में 780 औद्योगिक क्षेत्रों में 45000 से अधिक औद्योगिक सदस्यों के साथ लघु उद्योग भारती देश में एमएसएमई सेक्टर का प्रतिनिधित्व कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र में यह विश्व भर में सबसे बड़ा संगठन है। MSME की ग्रोथ, राष्ट्र के उत्थान, अधिकतम रोजगार सृजन एवं युवा पीढ़ी को रोजगार लेने की बजाए देने वाला बनाने के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती द्वारा विगत 10 वर्षों से इण्डिया इंडस्ट्रियल फेयर का आयोजन करवाया जा रहा है। इस बार लघु उद्योग भारती ने इस ट्रेड फेयर के लिए भीलवाड़ा को चुना है जो हर भीलवाड़ावासी के लिए सौभाग्य की बात है। टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा में जब से इस फेयर का प्रस्ताव लिया गया, तब से श्री महेश हुरकट एवं लघु उद्योग भारती की पूरी टीम फेयर की तैयारियों में पूरी शिद्दत से जुटी हुई है, अब फेयर की तैयारियां अंतिम चरण में है।

**टेक्सटाइल ट्रेड एवं इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होगा फेयर**

श्री हुरकट ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में उद्योग क्षेत्र आज रीढ़ की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उद्योगों का ऐसा वातावरण बना है कि विदेशी कंपनियां भी अपने उद्योग भारत में लगाने के लिए आतुर रहती हैं। हमें गर्व है, भीलवाड़ा के टेक्सटाइल उद्योग ने देश में विशेष पहचान कायम की है और सूटिंग - शार्टिंग के क्षेत्र में पूरे देश की निगाह भीलवाड़ा पर है। आजादी के बाद जिस तेजी से आधुनिक तकनीक अपनाते हुए भीलवाड़ा टेक्सटाइल उद्योग के रूप में उभर कर आया है। भीलवाड़ा उद्योग की पृष्ठभूमि पर नज़र डालते हैं तो वर्ष 1935 में पहली मेवाड़ टेक्सटाइल मिल की स्थापना से आज भीलवाड़ा डेनिम उत्पादन और निर्यात में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है। 'टेक्सटाइल सिटी' के नाम से प्रसिद्ध होकर 'भारत का मेनचेस्टर' कहा जाने लगा है।









### वस्त्र नगरी में टेक्सटाइल महाकुंभ...

भीलवाड़ा टेक्सटाइल मंडी में इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के रूप में टेक्सटाइल महाकुंभ होने जा रहा है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हर व्यापारी के लिए इस फेयर से प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार फेयर में स्पिनिंग क्षेत्र की बड़ी यार्न मिलों सहित फैब्रिक्स, मशीनरी, माइनिंग आदि क्षेत्र की 135 से अधिक स्टॉल्स लगेगी। फेयर के स्पॉन्सर प्रसिद्ध स्पिनिंग मिल भिलोसा इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मुंबई तथा को-स्पॉन्सर आरसीएम एवं जिंदल सॉ लिमिटेड है, वहीं भारत सरकार का MSME मंत्रालय एवं एनएसडीसी भी सहयोगी के रूप में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस फेयर में **मीडिया पार्टनर** की भूमिका निभाते हुए **'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** देशभर के टेक्सटाइल जगत से जुड़े तमाम व्यापारी बंधुओं से आग्रह करता है कि इस आयोजन में शिरकत कर अवश्य लाभ उठायें।

### फेयर का भूमि पूजन...

5 सितंबर को फेयर के भूमि पूजन का कार्यक्रम महामंडलेश्वर श्री हंसराम जी हरिशेवा धाम के कर कमलों से संपन्न हुआ। फेयर के कन्वीनर श्री गिरीश अग्रवाल ने बताया कि भूमि पूजन में जिला उद्योग केंद्र के राहुल देव सिंह, भीलवाड़ा के प्रसिद्ध उद्योगपति आर सी एम समूह के चेयमैन श्री त्रिलोक चंद छाबडा, मनोमय टेक्स इंडिया के श्री योगेश लढा, सत्कार समूह के डायरेक्टर श्री गोविंद प्रसाद सोडानी, संबोधी सिंथेटिक के श्री रामपाल असावा उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के पश्चात पत्रकार वार्ता में बात करते हुए श्री महेश हुरकट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन भारत के तहत त्वरित आर्थिक विकास में स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, डिजिटल इंडिया आदि के विभिन्न आयाम को आगे बढ़ाने के लिए लघु उद्योग भारती निरंतर प्रयासरत है। केवल भारत ही नहीं अपितु वैश्विक स्तर पर यहां के वस्त्र उद्योग ने अपनी पहचान बनाई है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले 2035 में जब इस उद्योग के 100 साल का सफर पूरा होगा, तब भीलवाड़ा का वस्त्र उद्योग उभरते हुए नए परिदृश्य के साथ अपने चरम पर होगा।

With Blessings of



Shri Narendra Modi

LAGHU UDYOG BHARATI
Present's

Scan QR Code for info
Follow IIF 2023

India Industrial Fair 2023 - 8th Edition

8th Edition
INDIA
INDUSTRIAL
FAIR - 2023
"उद्योग दर्शन"

FRI 15 SAT 16 SUN 17
September
-: Venue :-
Sumatex II,
Near Murarka Textile,
Pur Road, Bhilwara
Rajasthan, INDIA

YARN
FABRIC
GARMENT
MACHINERY
SPARE PART
MINING
Other MSME

Organised by :
लघु उद्योग भारती
LAGHU UDYOG BHARATI
21, Govindam Commercial Hub, Ground Floor,
Old Rto Road, Gandhinagar, Bhilwara 311001 (Raj.) India
Mob. : 93514 15275, 94141 12223, 93515 33576
Email : info1@indiaindustrialfair.com, lubbhilwara@gmail.com
Visit us on www.indiaindustrialfair.com www.facebook.com/indiaindustrialfair2023

Opportunities Unlimited...

Empowering MSME
MAKE IN INDIA
Empowering Nation

SPONSOR: Bhilosa Industries Private Limited
CO - SPONSOR: RCM Transforming Lives, Transforming India | JINDAL SAW LTD. TOTAL PIPE SOLUTIONS
SAPORTER: MSME सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES | N·S·D·C RE-IMAGINE FUTURE
MEDIA PARTNER: टेक्सटाइल वर्ल्ड

7 से 21 सितम्बर, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Surat Dreams KOLKATA FASHION EXPO 2023
Special Coverage
IEE INTERNATIONAL ETHNIC EXPO

# julahaa.. SAREES & STYLE का सूरत ड्रीम्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन





## ताना बाना, चरखा एवं छपाई ब्राण्ड्स रहे आकर्षण का केन्द्र

### आर्ट सिल्क साड़ियों का किया मनमोहक डिस्प्ले

सूरत-दिल्ली/ भारत में एथनिक साड़ियों के सबसे प्रतिष्ठित निर्माता जुलाहा साड़ीज & स्टाइल, सूरत ने ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में सूरत ड्रीम्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो एग्जीबिशन में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। 21-22 अगस्त को इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित इस एग्जीबिशन में जुलाहा की स्टॉल का स्टाइल एवं एथनिक साड़ियों के लाज़वाब कलेक्शन के मनमोहक प्रदर्शन ने हर विजिटर को आकर्षित किया। कंपनी प्रबंधन ने प्रथम दिन स्टॉल का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के बाद किया, तत्पश्चात जुलाहा की विशाल स्टॉल पर दिन भर व्यापारियों का तांता लगा रहा। व्यापारियों के स्वागत से लेकर आर्ट सिल्क साड़ियों के अद्वितीय एवं अद्भुत प्रदर्शन को देख कर हर कोई अभिभूत हुए जा रहा था। कई व्यापारियों ने तो यहां तक कहा कि इस तरह का लाजवाब डिस्प्ले सिर्फ जुलाहा ही कर सकता है। स्टॉल में जुलाहा की साड़ी पहने हुए देवी स्वरूपा मॉडल्स तो ऐसे प्रतीत हो रही थी जैसे आसमान से परियां जमीन पर उतर आई हो। आर्ट वीविंग साड़ियों के शानदार कलेक्शन के विशाल प्रदर्शन की पूरी एग्जीबिशन में चर्चा रही। स्टॉल पर बड़ी संख्या में व्यापारियों की उपस्थिति भी देखने लायक रही, दोनों दिन जुलाहा की टीम की ओर से व्यापारियों का वेलकम भी बहुत खूबसूरत अंदाज में किया गया। जिस भी व्यापारी ने जुलाहा की स्टॉल विजिट की, उनका कहना था कि एग्जीबिशन में कई बड़े बड़े ब्राण्ड्स आए परंतु जुलाहा जैसा डिस्प्ले किसी ने नहीं किया। कुल मिलाकर दोनों दिन एग्जीबिशन में 'जुलाहा साड़ीज & स्टाइल' ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हर किसी को प्रभावित किया।





### आर्ट सिल्क साड़ीज का लीडर ब्राण्ड

विदित है कि 'जुलाहा साड़ीज & स्टाइल' (जिसे पहले चित्रकूट साड़ीज के नाम से जाना जाता था), 2014 में सूरत, गुजरात में वीविंग आर्ट सिल्क साड़ीज के उत्पादन के साथ अस्तित्व में आई। तीसरी पीढ़ी का पारिवारिक व्यवसाय होने के नाते, जुलाहा साड़ीज & स्टाइल ने टेक्सटाइल सेक्टर में मॉडर्न वीविंग टेक्नोलॉजी में निवेश के साथ देश की महिलाओं के परंपरागत पहनावे साड़ी को आधुनिक अवधारणाओं के साथ पेश किया। अपने लक्ष्यों को पहले से कहीं अधिक निर्धारित किया है, जिससे पहले कभी नहीं देखी गई वीविंग आर्ट सिल्क साड़ियों का वितरण किया जा सके। सूरत में बुनाई कला की शुरुआत करने और पारंपरिक कपड़ा बाजार को बहुत जरूरी बदलाव की ओर ले जाने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाकर सूरत में एक नई सोच को जन्म दिया। एक दशक से भी कम समय में जलाहा साड़ीज & स्टाइल ने फैशन एवं कला को एक परिधान के रूप में पेश कर देश के चर्चित साड़ी ब्राण्ड्स की अग्रिम पंक्ति में अपना स्थान बनाने में सफलता अर्जित की है। 2018 में गुजरात राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी ने अपकमिंग लाइफ स्टाइल ब्राण्ड से नवाजा था, जिस पर कंपनी खरी उतरी है। 2020 में चरखा एवं ताना-बाना ब्राण्ड्स की सफल लॉन्चिंग कर भारतीय फैशन उद्योग जगत में उम्दा एवं स्टाइलिश साड़ीज ऑफर की, जिसे जबरदस्त रिस्पोंस के साथ बाजार में सराहा गया। तत्पश्चात 2021 में छपाई ब्राण्ड की भव्य लॉन्चिंग कर फैशन इंडस्ट्री को एक और सौगात दी। सभी ब्राण्ड्स की जबरदस्त सफलता जुलाहा साड़ीज & स्टाइल के मॉडर्न वर्क स्किल्स का अनुकरणीय उदाहरण है।

### फैशन, स्टाइल एवं गुणवत्ता का परिचायक

जुलाहा साड़ीज & स्टाइल के सभी ब्राण्ड उम्दा श्रेणी के होने के साथ फैशन, स्टाइल एवं गुणवत्ता मापदंडों पर भी खरे उतरते है। भारत के बहु संख्यक समाज के लिए बनारसी सिल्क साड़ीज के विकल्प को बजट में लाने के लिए कम्पनी सूरत में वीविंग आर्ट सिल्क साड़ीज के उत्पादन में नए आयाम स्थापित किए। फैशन इंडस्ट्री में हर दिन कुछ नया प्रेजेंट करने के लिए कम्पनी प्रतिमाह 150-200 कैटलॉग नए लॉन्च करती है। न्यू क्वालिटी डवलपमेंट, इनोवेशन एवं क्रिएशन के साथ उत्पाद की पैकिंग, सर्विस एवं डिलीवरी पर कम्पनी की टीम तत्परता के साथ काम करती है।

### जुलाहा साड़ीज & स्टाइल का विजन

फैशन के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए कंपनी की रिसर्च एवं डवलपमेंट टीम रात दिन कुछ नया टेस्ट देने के लिए समर्पित भाव के साथ कार्यरत है। जुलाहा की आजीवन प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करने में निहित है कि प्रत्येक महिला, चाहे वह कहीं भी स्थित हो, उसकी अलमारी में कम से कम एक जुलाहा साड़ी हो।

### ऑल इंडिया सेल्स नेटवर्क

भारत की हर कपड़ा मंडी में जुलाहा साड़ीज & स्टाइल दस्तक दे चुकी है। देश की फैशन पसंद महिलाओं के परिधान कलेक्शन में जुलाहा की साड़ी निश्चित तौर पर हो, इस लक्ष्य प्राप्ति के विजन के साथ कम्पनी ने अपनी सेवाएं अधिकृत डीलर्स के माध्यम से हर फैशन एवं लाइफ स्टाइल रिटेल स्टोर्स पर सुनिश्चित कर रखी है।

7 से 21 सितम्बर, 2023

INTERNATIONAL ETHNIC EXPO

रिपोर्ट: प्रहलाद गर्ग, ब्यूरो चीफ सूरत
मोबाइल- 89805 78874
सत्यप्रकाश, भीलवाड़ा
मोबाइल- 98282 49064

## भारत की सबसे बड़ी B2B वूमेंस वियर एग्जीबिशन...

# इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो ऐतिहासिक सफल













## फैंसी डिज़ाइनर साड़ीज, सूट्स, लहंगे, लेडीज गारमेंट्स एवं फैंसी फैब्रिक्स निर्माताओं ने एक ही छत के नीचे किया भव्य डिस्प्ले

**सूरत/ सत्यप्रकाश**...भारत में फैशन ट्रेड फेयर्स एवं एग्जीबिशंस के प्रमुख आयोजक सूरत ड्रीम्स एवं कोलकाता फैशन एक्सपो द्वारा विगत 21-22 अगस्त 2023 को ग्रेटर नोएडा, दिल्ली स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में 'इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो' का भव्य आयोजन किया गया। एग्जीबिशन का टाइटल स्पोंसर फैशन इंडस्ट्री का जाना माना वूमेन्स वियर ब्राण्ड विपुल फैशन था। इस एग्जीबिशन में सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, जयपुर, बनारस आदि मंडियों के साड़ीज, लहंगा, लेडीज सूट्स एवं रेडीमेड गारमेंट्स तथा फैंसी फैब्रिक्स के 350 से अधिक चुनिंदा वूमेंस वियर ब्राण्ड्स ने आकर्षक डिस्प्ले किया। आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की एडवांस तैयारी के लिए सर्वोत्तम प्लेटफॉर्म मानी जाने वाली इस B2B एग्जीबिशन में सैकड़ों फैशन ब्राण्ड्स एवं हजारों व्यापारियों की एक ही छत के नीचे उपस्थिति से एक बार फिर यह एग्जीबिशन ऐतिहासिक सफल रही। एग्जीबिशन की आयोजक सूरत ड्रीम्स टीम ने फैशन के नए दौर में बाजार में प्रचलित ट्रेंडिंग ब्राण्ड्स के लाइव डिस्प्ले के लिए इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो के रूप में अद्भुत प्लेटफार्म तैयार किया है जो देश की पूरी टेक्सटाइल एवं फैशन इंडस्ट्री को नई दिशा दे रहा है। कपड़ा व्यवसाय से जुड़े हजारों ट्रेडर्स, ब्रोकर्स, रिटेलर्स, लाइफ स्टाइल स्टोर ऑनर्स, रेडीमेड गारमेंट निर्माता सभी ने बड़ी संख्या में इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो में भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैशन फैब्रिक्स, साड़ीज, लेडीज गारमेंट्स के सभी प्रदर्शकों को अच्छे ऑर्डर्स मिले।

**सूरत के फैशन ब्राण्ड्स का जलवा...** टेक्सटाइल सिटी सूरत के फैशन ब्राण्ड्स का जलवा तो हम समय समय पर देखते ही रहते है। मगर इस बार तैयारी जीत की तथा व्यापारियों के दिलों पर छाप छोड़ने की थी। जिसके चलते सभी एग्जिबिटर्स पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हुए थे। साड़ीज, फैब्रिक्स, सलवार सूट्स, लहंगों, वेस्टर्न ट्यूनिक्स, कुर्तीज, एथनिक वीयर सहित हर प्रोडक्ट में नए क्रिएशन, नए डवलपमेंट, नए इनोवेशन एवं नये नये कैटलॉग्स की झलक हर किसी को मंत्रमुग्ध कर रही थी। व्यापारी ओवर फैंसी कलेक्शन की तरफ ज्यादा आकर्षित हुए। जिस उत्साह एवं तैयारी के साथ सप्लायर्स ने भाग लिया, उसका लाभ हजारों व्यापारियों की उपस्थिति के रूप में सब को मिल गया।



## हजारों व्यापारियों की विजिटिंग एवं भरपूर बुकिंग से आगे अच्छे व्यवसाय की उम्मीद

दो दिवसीय इस एग्जीबिशन में हजारों व्यापारियों की विजिटिंग एवं बुकिंग से आगामी फेस्टिव एवं वैडिंग सीजन में अच्छे व्यवसाय की उम्मीद को बल मिला है। एग्जीबिशन में जो ब्राण्ड अच्छी तैयारी के साथ पहुंचा, उसे अब तक का बेहतरीन अनुभव हुआ होगा। क्योंकि हर स्टॉल पर व्यापारियों की भारी भीड़ ने हर एग्जीबीटर को टच किया था। यही वजह रही कि जिसने जितना प्रभावी डिस्प्ले किया, उस ब्राण्ड को उतना ही लाभ मिला। ओवर ऑल लेडीज फैशन उद्योग एवं व्यापार से जुड़े व्यापारियों के लिए यह एग्जीबिशन सोर्सिंग हब साबित हुई।

## सूरत के टेक्सटाइल उद्यमियों का जोश और जुनून काबिले तारीफ -श्री कैलाश हाकिम





एग्जीबिशन में फेडरेशन ऑफ सूरत टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (Fostta) के प्रेसीडेंट श्री कैलाश हाकिम ने एक खास मुलाकात के दौरान कहा कि सूरत एक वैश्विक टेक्सटाइल मंडी है, जहां पर फैशन फैब्रिक्स, साड़ीज, सूट्स, लेडीज गारमेंट्स सहित हर तरह का कपड़ा निर्मित होकर पूरे विश्व में सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सूरत के टेक्सटाइल उद्यमियों का जोश और जुनून भी काबिले तारीफ है। लेडीज वियर की सोर्सिंग के लिए तो सूरत सबसे बड़ा हब है, परंतु विभिन्न तरह के टेक्सटाइल गुड्स में भी सूरत का नाम अग्रणी है। हमारी संस्था Fostta सूरत मंडी के डवलपमेंट के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विश्व में सूरत से एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए प्रयासरत है, साथ ही स्वस्थ व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा से काम करने के लिए सुरक्षित व्यापारिक माहौल डवलप करने के लिए भी हमारी संस्था काम कर रही है।





























# VIPUL's स्वर्ण जयंती समारोह भव्य, अद्भुत एवं अविस्मरणीय





## देशभर के व्यापारियों संग दिल्ली में मनाया गोल्डन जुबली उत्सव

**सूरत/दिल्ली/** फैंसी साड़ीज के सुप्रसिद्ध ब्राण्ड **VIPUL** के वूमेंस फैशन इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। प्रिण्टेड साड़ीज के उत्पादन से टेक्सटाइल क्षेत्र में पदार्पण करने वाले इस फैशन ब्राण्ड ने भारतीय महिलाओं को उनकी पसंद की साड़ियां पहनाने का गौरव प्राप्त है। मशहूर उद्यमी श्री अनिल अग्रवाल द्वारा लगाया गया यह पौधा आज विशाल वृक्ष का रूप धारण कर चुका है, जिसकी शाखाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैली हुई है। **VIPUL** की शुरुआत वर्ष 1974 में साड़ियों के उत्पादन से हुई थी परंतु अब इसकी निर्माता कंपनी अयान ट्रेंड्स प्रा.लि. वूमेंस फैशन के लिए सलवार कुर्ता, लहंगे, गाउंस जैसे लेडीज परिधानों का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। खैर हम यहां पर **VIPUL** ने गोल्डन जुबली ईयर के उपलक्ष में आयोजित समारोह की चर्चा कर रहे हैं। सूरत ड्रीम्स द्वारा ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में 21- 22 अगस्त को आयोजित इंटरनेशन एथनिक एक्सपो एग्जीबिशन में **VIPUL** ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए गोल्डन जुबली उत्सव की शुरुआत की। एग्जीबिशन के पहले दिन **VIPUL** की स्टॉल पर व्यापारियों का तांता लगा रहा। अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. के फाउंडर एवं डायरेक्टर श्री अनिल अग्रवाल एवं श्री अंकुर अग्रवाल ने अपनी स्टॉल पर व्यापारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। फिर दूसरे दिन 22 अगस्त को इंडिया एक्सपो मार्ट में ही ढलती शाम के साथ आगाज हुआ गोल्डन जुबली जलसे का, जो भव्य, अद्भुत एवं अद्वितीय रहा।

VIPUL® Anil Agarwal Group SINCE 1974


















## स्वर्ण जयंती समारोह...

इंडिया एक्सपो मार्ट 22 अगस्त को **VIPUL** के स्वर्ण जयंती समारोह का साक्षी बना। मुख्य अतिथि दक्षिण भारत के प्रसिद्ध टेक्सटाइल व्यवसायी आर. एस. ब्रदर्स, हैदराबाद के श्री राजू भाई एवं हजारों कपड़ा व्यापारियों की गरिमामय उपस्थिति में गणेश वंदना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात 50 वर्ष की सफल व्यावसायिक का केक काटा गया। इस अवसर पर श्री अनिल अग्रवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि **VIPUL** ब्राण्ड के 50 वर्षों के सफर में आप सभी व्यापारियों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग रहा है। मैंने जो पौधा लगाया है उसे आप लोगों ने सींच कर विशाल वृक्ष बनाया है। स्वर्ण जयंती के इस अवसर पर आप सभी को धन्यवाद देता हूं। साथ ही उन्होंने अपनी व्यावसायिक यात्रा के बारे में भी बताते हुए कहा कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री में मैने अपने गुरु नारी सेठ की प्रेरणा से कई नए इनोवेशन कर वूमेंस एथनिक वियर के लिए साड़ियों को नए नए रूप में प्रस्तुत किया, जिसे देश की महिलाओं ने सम्मान के साथ पहनकर **VIPUL** का गौरव बढ़ाया। इसमें आप सभी व्यापारियों का भी भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर अयान ट्रेंड्ज प्रा. लि. के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कि लगातार इनोवेशन एवं क्रिएशन से **VIPUL** ब्राण्ड के तहत नए नए उत्पाद आप व्यापारियों तक पहुंचाते रहे हैं, साथ ही आप सभी का सहयोग मिलता रहा, जिसके चलते 50 वर्षों का ये स्वर्णिम सफर **VIPUL** तय कर पाया है। बाज़ार में नए नए प्रॉडक्ट देने के लिए नियमित अनुसंधान करते हुए विभिन्न तरह के नए फैब्रिक्स पर आकर्षक डिजिटल प्रिंट एवं क्रिएशन से फैंसी डिजाइनर साड़ीज में नए कलेक्शन देते रहने का सिलसिला जारी रहेगा। गोल्डन जुबली समारोह में आप शामिल हुए, जिसके लिए **VIPUL** परिवार आप सभी का हमेशा आभारी रहेगा।





## फैंसी साड़ीज एवं लेडीज गारमेंट्स उत्पादन में श्रेष्ठतम रेंज के लिए मशहूर

फैंसी प्रिंटेड साड़ीज एवं डाइड वर्क साड़ीज में प्रीमियम कलेक्शन के लिए देश एवं दुनिया में मशहूर कंपनी अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. डेली यूज से लेकर शादी -विवाह, तीज त्योंहारों, ऑफिस वियर तक के लिए साड़ीज का उत्पादन कर रही है। सभी तरह की साड़ियों में नए नए कलर पैटर्न, डिजाइंस एवं फैब्रिक इनोवेशंस से **VIPUL** आज हर आयु वर्ग की महिलाओं का पसंदीदा ब्राण्ड बन चुका है। साड़ीज सेगमेंट का काम देख रहे कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कि साड़ी निर्माण के प्रत्येक स्तर पर हम क्वालिटी का पूरा ध्यान रखते हैं। यार्न सलेक्शन, ग्रे निर्माण, प्रिंटिंग, डाइंग एवं प्रोसेसिंग में उच्चतम स्तर को प्राथमिकता दी जाती है। हमारे डिजाइनर्स लगातार नए नए पैटर्न के लिए शोधरत रहते हैं। हर सीजन से पूर्व एडवांस प्लानिंग के साथ प्रोडक्शन लेना तथा समय पर अपने व्यापारियों को माल की डिलीवरी सुनिश्चित करना हमारी कंपनी की पॉलिसी है। लेडीज फैशन में अपने इनोवेशंस को जारी रखते हुए **VIPUL** की और से लेडीज गारमेंट्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। गारमेंट सेगमेंट का काम देख रहे श्री रजत अरोड़ा ने बताया कि हाई क्वालिटी वैल्यू एडेड सलवार सूट, गाउंस, कुर्तीज आदि में कंपनी लगातार नए नए उत्पाद पेश कर रही है।

**ब्राण्डिंग के प्रति जागरूक कंपनी...** वूमेंस एथनिक वियर के क्षेत्र में **VIPUL** ब्राण्ड को साड़ी उत्पादन में सिरमौर बनाने वाले श्री अनिल अग्रवाल की शुरुआती दौर में ही ब्राण्डिंग के प्रति जागरूकता एवं प्रॉडक्ट को आकर्षक बनाने के लिए नियमित इनोवेशन की कला से **VIPUL** का सृजन हुआ। श्री अग्रवाल ने ब्राण्ड प्रमोशन के लिए भी टीवी विज्ञापन से लेकर हर फैशन मैगजींस में भरपूर ब्राण्डिंग की। यही नहीं आज हम हर तरफ कैटलॉग साड़ीज का जो कल्चर देख रहे हैं, इसकी शुरुआत भी वर्ष 1992 में **VIPUL** हाउस से ही हुई थी। आज हर छोटी बड़ी कंपनी इस इनोवेशन का जमकर अनुसरण कर रही है। इस तरह के कई बड़े इनोवेशंस श्री अनिल अग्रवाल द्वारा किए गए, जिसकी वजह से आज **VIPUL** ब्राण्ड का नाम पूरे देश में सम्मान के साथ लिया जाता है।

SUDESH
SYNTHETIC MILLS PVT. LTD.

SUDESH
SYNTHETIC MILLS PVT. LTD.

KICK | SUPER KICK | PREMIUM KICK | ULTRA KICK

CHALO CRUISE 2023

सुदेश सिंथेटिक्स मिल्स प्राईवेट लिमिटेड

आपके लिए लाया हैं सिर्फ

2,51,000+GST

का केटलॉग साडी माल लेने पर दिसम्बर में 1 व्यक्ति की क्रूज यात्रा

Scheme Valid From:

1st Sep to 31st Oct 2023

Sailing From :

Mumbai-Arabian Sea -Mumbai

Sailing Date :

2nd - 3rd Dec 2023



T&C Apply

International Cruise Terminal Shoorji Vallabhdas Road, Fort, Mumbai, Maharashtra 400001

T&C Apply

Amit
9726892000

Gulshan
8849404962

Office
9726592000

Sudesh
(Director Urgent Call Only)
9377792000

A-3097 to 3108, 3rd Floor, Kohinoor Textile Market, Lift No. 11-12, Ring Road, Surat - 395002

Note : (Scheme not valid on Kick, Super Kick, Premium Kick, Ultra Kick)

# दुबई कॉन्फ्रेंस में DONEAR® के प्रॉडक्ट की बढ़ी डिमाण्ड



**दुबई/** भारतीय वस्त्र बाजार में सफलता के नित नए आयाम तय करते हुए डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड आज उपभोक्ताओं के दिलों पर राज कर रही है। कंपनी द्वारा उत्पादित रेंज हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहती है। हाल ही में कंपनी द्वारा अपने 750 से अधिक रिटेलर्स को अपनी आकर्षक डिस्कवर दुबई स्कीम के तहत व्यापारियों को दुबई भ्रमण कराया गया।
कंपनी सूत्रों में मिली जानकारी के अनुसार इस कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल के सानिध्य में इस पूरी स्कीम का व्यापारियों ने भरपूर आनंद लिया तथा इस दौरान कंपनी द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए अपने विस्तृत कलर रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया।

## स्कीम को मिली भरपूर सफलता

पिछले वर्ष कंपनी द्वारा जैसे ही इस स्कीम की घोषणा की गई, व्यापारियों ने जमकर इसका समर्थन किया एवं इस कॉन्फ्रेंस के दौरान उत्पादित हर नए कलेक्शन को अच्छा समर्थन मिला। इस बार व्यापारियों को दुबई ट्रिप के दौरान कंपनी का भरपूर समर्थन मिला। व्यापारियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए कंपनी ने व्यापारियों के लिए 23 से 30 जुलाई 2023 तक दुबई के पाँच सितारा होटल द मिलेनियम डाउनटाउन, नोवा टेल, अल बुसतान इन आबू धावी, नोवा टेल जुमिनिरत ट्राईगेल दुबई में ठहरने की व्यवस्था की गई, जहां व्यापारियों ने भरपूर आनंद लिया।

## 750 से अधिक व्यापारियों ने कराई जमकर बुकिंग

### लेटेस्ट रेंज का भव्य डिस्प्ले

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा अपनी लेटेस्ट रेंज जिसमें डोनियर सूटिंग्स, ब्रॉनशन 58'' शर्टिंग्स, डोनियर रॉयल क्लासिको, डोनियर गिफ्ट फॉर यू, ITR, डोनियर कॉटन्स और बेलबोनी कॉटन शर्टिंग की लेटेस्ट रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया। इसके अलावा इस बार कंपनी का पूरा फोकस अपनी-अपनी रेंज पर दिखा, जो व्यापारियों को खूब पसंद आई।

### दुबई में लिया भरपूर आनंद

इस स्कीम के तहत व्यापारियों ने दुबई एवं अबूधाबी के भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। व्यापारियों ने फरारी वर्ल्ड, डेजर्ट सफारी, अबू धाबी सिटी का पूरा भ्रमण तथा वहां की पसंदीदा होटल बुर्ज खलीफा फाउंटेन शो को देखकर फूले नहीं समाए।

## डोनियर के उत्पादों की विशेषताएँ

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी ने अपने हर उत्पाद का जबरदस्त डिस्प्ले किया, जहां कंपनी की एथनिक रेंज में जेकॉर्ड, कुर्ता क्लॉथ, शेरवानी, जोधपुरी, बंद गला, पार्टी वियर, सूट के उत्पादों को जबरदस्त सराहना मिली। यह आयोजन अपनी सुव्यवस्थित योजनाओं के कारण संभव हो पाया है।








# डोनियर द्वारा मयूर के अधिग्रहण के बाद हुई पहली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में दिखाया दम

पटाया/ अपनी सफलता के नित नए आयाम तय करते हुए 'मयूर स्टार्स की पसंद' के डोनियर ग्रुप द्वारा अधिग्रहण के बाद पहली इंटरनेशनल कॉफ्रेंस का भव्य आयोजन 2 से 6 अगस्त 2023 को पटाया थाईलैंड के ब्राइट टोन ग्राड रिसोर्ट में उमंग के साथ संपन्न हुआ। कंपनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में मयूर की सेल्स टीम के अथक प्रयासों से यह वर्ष काफी बेहतर रहा और इस ब्राण्ड ने अपने सेल्स लक्ष्य को प्राप्त करते हुए विदेश की धरती पर पहली कॉन्फ्रेंस कर यह साबित कर दिया कि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की क्षमता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल मयूर ब्राण्ड के वाइस प्रेसीडेंट सेल्स एंड मार्केटिंग श्री एके सिंह एवं भारत के हर प्रांत से पधारे उपस्थित रिटेलर्स के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई।

**विस्तृत फैब्रिक रेंज का डिस्प्ले..** कंपनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी आकर्षक एवं विस्तृत रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया, जिसमें सूटिंग रेंज में पहली बार पीवी, टीआर, स्ट्रेच फैब्रिक, टीआर में स्ट्रेच शर्टिंग रेंज में लिनन फैब्रिक पर पूरा फोकस करते हुए अनेक कलर चार्ट तैयार किए गये जो व्यापारियों को बहुत पसंद आया। इस दौरान कंपनी द्वारा मयूर ब्राण्ड में एथनिक की रेंज ''एथनिक क्वेस्ट'' भी लॉन्च की गई, जो काफी लाजवाब थी। इस रेंज में कंपनी ने जेकॉर्ड, कुर्ता पायजामा, बंडी, शेरवानी के कलेक्शन पेश किए गए जो व्यापारियों के आकर्षण का केंद्र रहे हैं। इस वर्ष मयूर की पूरी टीम काफी उत्साहित नजर आई क्योंकि कंपनी ने इस कॉन्फ्रेंस में बहुत बड़ी रेंज का डिस्प्ले किया जिसे देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गए एवं बुकिंग करने पर विवश हो गए।




**एथनिक वियर ''एथनिक क्वेस्ट'' नाम से लॉञ्च**

**मयूर की ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस में प्रॉडक्ट रेंज को मिली भरपूर बुकिंग**





## अवॉर्ड सेरेमनी

इस कॉफ्रेंस के दौरान कंपनी में मयूर ब्राण्ड के साथ कार्यरत रिटेलर्स को सम्मानित किया गया। कंपनी ने ऑल इंडिया के टॉप तीन रिटेलर्स को बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सम्मानित किया। इसके साथ ही हर जोन जैसे ईस्ट, साउथ, नॉर्थ वेस्ट एवं सेंटर जोन के बेस्ट तीन डीलर्स को भी सम्मानित किया । ऑल इंडिया एजेंट अवॉर्ड भी दिया गया, जिसे पाकर व्यापारी काफी खुश थे। कंपनी ने इस वर्ष एक नई पहल करते हुए अहमदाबाद के अपने एजेंट को लाइफटाइम एचीवमेंट अवॉर्ड दिया, जो शुरुआत से केवल मयूर की एजेंसी करते हैं। यह अवॉर्ड सेरेमनी श्री अजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

## पटाया का भ्रमण

इस कॉन्फ्रेंस में पधारे सभी व्यापारियों के खानपान एवं ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था कंपनी द्वारा की गई। इसके अलावा जहां व्यापारी बुकिंग में व्यस्त दिखे, वहीं सभी व्यापारियों ने पटाया भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। कंपनी ने व्यापारियों को कोलोसियस कॉरल आइलैंड, स्पीड बारे, बैंकॉक के शॉपिंग मॉल का भरपूर आनंद कराया।








# एशियाटेक्स 2023 में डोनियर ग्रुप के प्रॉडक्ट की बढ़ी मांग



## नये व्यापारियों ने ग्रुप के साथ कार्य करने की इच्छा जताई











डोनियर ग्रुप परिवर्तन की ओर अग्रसर

सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार प्राप्त

**मुम्बई/** भारत के अग्रणी लाइफस्टाइल और फैशन हाउस **डोनियर ग्रुप** ने 31 अगस्त से 2 सितंबर 23 तक जियो वर्ल्ड कन्वेन्शन सेंटर, बीकेसी में प्रतिष्ठित एशियाटेक्स 23 प्रदर्शनी में अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित उत्पाद श्रृंखला का प्रदर्शन करके पुरुषों के फैशन अनुभव के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया।

'एशियाटेक्स 23' का आयोजन हिन्दुस्तान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा किया गया और इस कार्यक्रम का उद्घाटन कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया था। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र अग्रवाल-(एमडी और मेंटर) डोनियर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड और श्री रमेश पोद्दार - (सीएमडी) सियाराम सिल्क मिल्स लिमिटेड मुख्य अतिथि के लिए प्रस्तावित थे।

इस विशेष कार्यक्रम कम्पनी द्वारा अपने उत्पादों को बेहतरीन तरीके के साथ डिस्प्ले किया गया, जहां **डोनियर ग्रुप** ने लक्जरी से लेकर प्रीमियम फैब्रिक रेंज की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करने के लिए सबसे बड़ा स्टॉल लगाया, जो भारतीय फैशन पसंद उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है। कपड़ा व्यापारी समुदाय **डोनियर ग्रुप** के नए दृष्टिकोण और फेयर में प्रदर्शित नवीनतम उत्पादों से मंत्रमुग्ध था और कई नये डीलर्स एवं रिटेलर्स ने कंपनी के साथ काम करने की रुचि जताई। **डोनियर ग्रुप** के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल ने फेयर में सर्वश्रेष्ठ स्टाल का पुरस्कार श्री शिखरचंद जैन, अध्यक्ष हिन्दुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया।

लगातार नए उत्पादों को विकसित करने में **डोनियर ग्रुप** हमेशा आगे रहा है साथ ही स्थानीय और वैश्विक फैशन रुझानों की बदलती मांगों के साथ तालमेल बनाए रखने में मदद की है। **डोनियर ग्रुप** अपने ग्राहकों को एक अच्छी रेंज प्रदान करता है जो गुणवत्ता, क्वालिटी एवं फिलफिनिश के लिए जानी जाती है। **डोनियर ग्रुप** के अत्याधूनिक मशीनों से सुसज्जित प्लान्ट सूरत, सिलवासा, भिवानी और अमृतसर में स्थित है जहां कम्पनी के कुशल कर्मचारियों द्वारा नवीनतम वस्त्रों की शृंखला तैयार करते हैं।

इस अवसर पर **डोनियर ग्रुप** के मेंटर श्री राजेंद्र अग्रवाल ने कहा, 'एशियाटेक्स 23' वस्त्र उद्योग और फैशन में उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। **डोनियर ग्रुप** ने ओसीएम, ग्राडो, डोनियर, मयूर और ग्रेविएरा जैसे हेरिटेज और प्रीमियम ब्रांडों के माध्यम से वस्त्रों की एक विविध शृंखला का प्रदर्शन किया, जो फैशन पसंद उपभोक्ताओं की आवश्यकता को पूरा करते हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा, 'वैश्विक रुझानों के सही तत्वों को चुनना और उन्हें भारतीय पारंपरिक शैली के अनुरूप बनाना **डोनियर ग्रुप** की विशेषता है और हम उद्योग के भीतर विलासिता और शिल्प कौशल के मानकों को ऊंचा करने के लिए फैशन के भविष्य को फिर से परिभाषित करना जारी रखेंगे।'





















OCM
LUXURY SUITINGS & TWEEDS

GRADO
LUXURY FABRICS & APPARELS





DONEAR®












MAYUR
STARS KI PASAND

GRAVIERA®
FINEST SUITINGS & SHIRTINGS






















# DONEAR की Fly Phuket स्कीम की मची धूम











**फुकेत/** भारतीय वस्त्र बाजार में अपनी आक्रामक रणनीति के लिए प्रसिद्ध सूटिंग शर्टिंग कंपनी डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आगामी सीजन की तैयारी करते हुए 13 से 20 जुलाई 2023 को विदेशी धरती फुकेत के The Patong Beach रिसोर्ट में भव्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल द्वारा उपस्थित रिटेलर्स के मध्य दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी के लगभग 500 से अधिक रिटेलर्स ने कंपनी की बेहतरीन फैब्रिक रेंज की बुकिंग कराई। विदित रहे कि डोनियर ग्राहकों के लिए समय-समय पर नए-नए उत्पाद, डिजाइंस एवं नवीनतम पैटर्न की फैब्रिक्स उपलब्ध कराने में सदैव अग्रणी रहता है, जो बाजार में उपभोक्ताओं की पहली पसंद है। डोनियर के नए कलेक्शन में प्रतिवर्ष 800 से 1000 नए उत्पाद लगभग 30 से भी अधिक कलर रेंज में हमेशा उपलब्ध रहते हैं। कंपनी के सभी उत्पाद कुशल व अनुभवी डिजाइनर्स की देखरेख में तैयार किए जाते हैं और इन उत्पादों की डिमांड हमेशा बाजार में बनी रहती है। उच्च क्वालिटी के वस्त्रों के उत्पादन हेतु बेहतरीन क्वालिटी के रॉ मटेरियल का चयन किया जाता है, जो कंपनी की सर्वोत्तम वीविंग एवं प्रोसेसिंग तकनीक पर उत्पादित किये जाते है और विभिन्न ब्लेंड्स के फैब्रिक्स का बेहतरीन उत्पादन कर देश के कपड़ा मार्केट में रिटेलर्स के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

**फुकेत में व्यापारियों ने किया धमाल...** इस कॉन्फ्रेंस के दौरान बाहर से आए सभी रिटेलर्स के ठहरने व फुकेत में लुत्फ उठाने की समुचित व्यवस्था की गई, जहां अनेक व्यापारी बुकिंग में व्यस्त दिखे वहीं दूसरी ओर व्यापारियों ने फुकेत के फी फी आइलैंड, कोरल आइलैण्ड सियाम निर्मित शो का आनंद लिया। कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए रिटेलर्स के लिए बेहतरीन भोजन करवाने हेतु कंपनी द्वारा विशेष व्यवस्था की गई।

**नई स्कीम की घोषणा...** इस कॉन्फ्रेंस को लेकर डोनियर ग्रुप की पूरी मैनेजमेंट टीम तथा सेल्स टीम में काफी उत्साह एवं ऊर्जा नजर आई। इस दौरान मैनेजमेंट द्वारा नई वियतनाम स्कीम लॉञ्च की गई जिसका सभी व्यापारियों ने तहेदिल से स्वागत किया।

**विस्तृत रेंज का डिस्प्ले...** इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा डोनियर के उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया, जिसमें टीआर, फैंसी, पीवी, पीसी, जेकार्ड, लिनन, प्लेन, चैक्स तथा एथनिक वियर की रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया, जो व्यापारियों को खूब पसंद आया तथा व्यापारियों ने इन सभी उत्पादों की बुकिंग भी कराई।

## व्यापारियों द्वारा डोनियर प्रॉडक्ट की भरपूर मांग

## 500 से अधिक व्यापारियों ने लिया भाग











# GRADO की भव्य कॉन्फ्रेंस दिल्ली में उत्साह के साथ संपन्न





## STREEZA 4 WAY STRETCH फैब्रिक एवं नवीनतम कलेक्शन की व्यापारियों में भरपुर मांग

**दिल्ली /** Grado by GBTL आज हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं का चहेता ब्राण्ड बना है। इसकी फैब्रिक रेंज की विशेषता, बेहतरीन टच एवं शानदार फील काफी शानदार है। GRADO के शानदार कलेक्शन की फिनिश काफी मुलायम होने के साथ-साथ अधिक पानी सोखने की क्षमता एवं त्वचा के अनुकूल होती है जो आज इस ब्राण्ड की पहचान है।

कंपनी ने इस वर्ष अपनी आक्रामक रणनीति की बदौलत हाल ही में 18 से 25 जुलाई 2023 को होटल हयात सेनेटी, जनकपुरी, न्यू दिल्ली में अपने उत्पादों का भव्य प्रदर्शन करते हुए कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, वेस्ट यूपी से व्यापारियों ने भाग लेकर इस कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया।

कंपनी के सीएमओ श्री मनीष शुक्ला ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस आगामी त्योहारी सीजन एवं दीपावली को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई। जिसमें कंपनी द्वारा GRADO की सभी बेहतरीन रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया। कंपनी ने अपने नवीनतम एवं लोकप्रिय कलेक्शन में पीवी, पीसी, कॉटन एवं वूल ब्लेण्डेड फैब्रिक का प्रदर्शन किया। इस कॉन्फ्रेंस में Streeza 4 Way Stretch फैब्रिक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

Streeza फैब्रिक अपने विशेष गुण की वजह से उपभोक्ताओं की पहली पसंद है। इसके नवीनतम रेंज, कलर्स एवं डिजाइंस इस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित किए गये जिसे व्यापारियों की भरपूर सराहना मिली। इस डिस्प्ले में कंपनी की लोकप्रिय नई रेंज Picasso, Albano, Gods & Kings  Shining Star की व्यापारियों ने जमकर बुकिंग कराई।

**बाई एंड फ्लाई स्कीम के तहत बुकिंग**

कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी व्यापारियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई। यह बुकिंग बाई एंड फ्लाई स्कीम के तहत की गई। जिसमें व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं उत्साह के साथ कंपनी की सभी रेंज में अच्छी बुकिंग कराई।



